तापमान
अधिकतम 31.5 डिग्री
न्यूनतम 23.4 डिग्री

हरिभूमि
रायपुर भूमि
रायपुर, शुक्रवार 29 अगस्त 2025

- दो एकड़ शासकीय भूमि पर 40 करोड़ रुपए का प्रोजेक्ट
- शासन ने दी मंजूरी, एजेंसी तय करने नगर निगम करेगा ऑनलाइन टेंडर

40 करोड़ में बनेगा आठ मंजिला ट्रेड टावर सेंटर

- प्रदेश के युवाओं को सर्व सुविधायुक्त वर्किंग स्पेस मिलेगा
- नगर निगम नोडल एजेंसी अधिकृत
- प्रोजेक्ट की ड्राइंग-डिजाइन तैयार
- राज्य शासन की गौरव उत्थान योजना में 40 करोड़ रुपए का प्रोजेक्ट

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

राजधानी के तेलीबांधा चौक पर कृष्णकुंज के पास नगर निगम आठ मंजिला ट्रेड टावर सेंटर बनवाएगा। इसके लिए दो एकड़ सरकारी जमीन चिन्हांकित कर ली गयी है। 40 करोड़ रुपये के इस प्रोजेक्ट की ड्राइंग डिजाइन तैयार है। राज्य शासन ने नगर निगम द्वारा भेजे गए इस प्रोजेक्ट के लिए फंड की मंजूरी दे दी है। योजना शाखा द्वारा इस कार्य के लिए एजेंसी तय करने अब ऑनलाइन टेंडर किया जायेगा। दरअसल, हैदराबाद, बेंगलुरु, ⏭शेष पेज 13 पर

ट्रेड टावर सेंटर बनेगा

तेलीबांधा क्षेत्र में अत्याधुनिक सुविधा युक्त ट्रेड टावर सेंटर बिल्डिंग का निर्माण कराया जाएगा। इससे मल्टीनेशनल कंपनियों को अच्छी सुविधा मिलेगी, प्रदेश के युवाओं को तकनीक और रोजगार के क्षेत्र में अवसर मिलेगा।

- मीनल चौबे, महापौर नगर निगम रायपुर

प्रदेश के महाविद्यालयों विश्वविद्यालयों में 14 अगस्त को समाप्त हो चुकी है प्रवेश की तिथि

यूजी की 39% और पीजी की 45% सीटें खाली इन्हें भरने रविवि ने मांगी 20 दिनों की मोहलत

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

पं.रविशंकर शुक्ल विवि में स्नातक सहित स्नातकोत्तर पाठ्यक्रमों में प्रवेश की स्थिति इस वर्ष इतनी खराब रही है कि विवि ने उच्च शिक्षा विभाग को खत लिखकर 20 दिनों का अतिरिक्त वक्त मांगा है। प्रदेश के महाविद्यालयों और विवि अध्ययनशालाओं में दाखिले की अंतिम तिथि 14 अगस्त निर्धारित की गई थी। इस तिथि तक रविवि में स्नातक पाठ्यक्रम की 38.8% और स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम की 45.41% सीटें खाली रह गई हैं। विश्वविद्यालय प्रबंधन ने ⏭शेष पेज 13 पर

16 हजार छात्र हुए हैं उत्तीर्ण

सीबीएसई द्वारा पूरक परीक्षाओं के परिणाम पहले ही जारी किए जा चुके थे। ऐसे में जो छात्र सीबीएसई 12वीं बोर्ड की परीक्षा में उत्तीर्ण हो गए, उन्हें महाविद्यालय में प्रवेश का अवसर प्राप्त हो गया। वहीं माध्यमिक शिक्षा मंडल ने 12वीं बोर्ड के पूरक परिणामों की घोषणा 19 अगस्त को की। 12वीं कक्षा की पूरक परीक्ष में 34059 छात्र शामिल हुए थे, जिसमें 17348 छात्र और 16711 छात्राएं थीं। इसमें से 16747 स्टूडेंट्स ने परीक्षा में सफलता अर्जित की है। प्रवेश की अंतिम तिथि समाप्त होने के कारण इन्हें महाविद्यालयों में प्रवेश नहीं मिल पा रहा है।

कई महाविद्यालयों का नहीं खुला खाता इधर... भटक रहे 12वीं पूरक उत्तीर्ण विद्यार्थी

पूरक के लिए खोलें पोर्टल

माध्यमिक शिक्षा मंडल ने 12वीं पूरक परीक्षा के परिणाम 14 अगस्त के बाद घोषित किए हैं। जो छात्र इसमें उत्तीर्ण हुए हैं, कम से कम उन्हें प्रवेश का एक मौका मिलना चाहिए।

- डॉ.देवाशीष मुखर्जी, सचिव, निजी कॉलेज संघ

ऐसी है स्थिति

स्नातक : रविवि अध्ययनशाला और संबद्ध महाविद्यालयों में विभिन्न विषयों की स्नातक की 47 हजार 252 सीटें हैं। इनमें से 28 हजार 951 अर्थात 61.2% सीटों पर ही प्रवेश हुए हैं। इस तरह से 38.8% सीटें रिक्त हैं।

स्नातकोत्तर : रविवि के अधीन आने वाले स्नातकोत्तर पाठ्यक्रमों की कुल सीटें 15 हजार 749 है। इनमें से 5 हजार 598 में प्रवेश हुए हैं। इस तरह से 54.59% सीटें भरी हैं और 45.41% सीट खाली रह गई हैं।

पुलिस का 'निश्चय' ऑपरेशन

पांच जिलों में 250 ठिकानों पर रेड गांजा, इंजेक्शन, गोलियां बरामद

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

पुलिस ने सौ से ज्यादा लोगों के खिलाफ दर्ज किया एनडीपीएस, 40 फरार आरोपियों को किया गिरफ्तार

राजधानी सहित प्रदेश में मादक पदार्थों के बढ़ते अवैध कारोबार पर अंकुश लगाने गुरुवार को पांच जिलों में पुलिस ने अभियान चलाया। इस दौरान ताबड़तोड़ छापे के साथ फरार आरोपियों को दबोचा गया। नशे का कारोबार करने वाले कई पकड़े गए। आरोपियों के ठिकानों से नशे की गोलियां, इंजेक्शन, गांजा, कुछ मात्रा में हिरोइन भी जब्त किया गया।

इस ऑपरेशन का नाम नारकोटिक्स इन्वेस्टिगेशन सप्रेसन कंट्रोल हाल्ट एक्शन फॉर यूथ एंड सोसाइटी (निश्चय) दिया गया था, जिसका अर्थ नारकोटिक्स पर नियंत्रण, सघन जांच व दमनात्मक कार्रवाई, अपराधों पर पूर्ण नियंत्रण व रोकथाम, पुलिस की निर्णायक कार्रवाई तथा युवाओं और समाज को सुरक्षित भविष्य देना है। आईजी अमरेश मिश्रा के निर्देश पर रायपुर, धमतरी, बलौदाबाजार, गरियाबंद, महासमुंद में राजपत्रित पुलिस अफसरों के नेतृत्व में अभियान चलाया गया। कार्रवाई के ⏭शेष पेज 13 पर

रायपुर जिले में इतनी जगह कार्रवाई

- दबिश - 70 स्थान
- गिरफ्तार - 24 (एनडीपीएस 10, आबकारी 6, आर्म्स 8)
- वारंट तामिली - 4 (सभी एनडीपीएस के फरार आरोपी)
- प्रतिबंधात्मर कार्रवाई - 35 से अधिक व्यक्ति गिरफ्तार

कार्रवाई पर एक नजर

- एनडीपीएस, आबकारी, आर्म्स एक्ट के तहत 100 आरोपी गिरफ्तार
- वारंट तामिली – 31 आरोपी जो नशे के प्रकरणों में फरार चल रहे थे, उनकी गिरफ्तारी
- 140 लोगों के खिलाफ प्रतिबंधात्मक कार्रवाई
- एनडीपीएस एक्ट के तहत गिरफ्तारी में 34 किलो गांजा, 13.06 ग्राम हेरोइन, 842 ट्रामाडोल कैप्सूल, 100 नाइट्रो टेबलेट, 90 इंजेक्शन जब्त
- आबकारी एक्ट – 20 आरोपी से 70.4 लीटर देशी व महुआ शराब जब्त
- आर्म्स एक्ट – 10 आरोपी गिरफ्तार
- अभियान में 1600 से अधिक पुलिसकर्मी शामिल, 143 टीमें गठित, कार्रवाई तड़के सुबह 4 बजे से प्रारंभ

खबर संक्षेप

युवक पर चाकू और रॉड से हमला

रायपुर। टिकरापारा थाने में एक युवक ने तीन लड़कों के खिलाफ लूट की नीयत से चाकू तथा रॉड से हमला करने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। संजय नगर निवासी अलिमिन मिर्जा ने अहफाज, अरमान तथा एक अन्य के खिलाफ उसके ऊपर चाकू तथा रॉड से हमला कर जेब से पैसे लूटने की शिकायत दर्ज कराई है। पुलिस के अनुसार, अलिमिन के आपसी रंजिश के चलते बदमाशों ने उसके साथ मारपीट की है। पुलिस बदमाशों को जल्द गिरफ्तार करने की बात कह रही है। घटना गुरुवार शाम की है।

अगले दो दिनों तक रायपुर सहित दक्षिणी भाग में झमाझम

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

राजधानी में आज मध्यम से तेज बारिश की संभावना मौसम विभाग ने जताई है। ना केवल रायपुर बल्कि प्रदेश के दक्षिणी हिस्से में आने वाले दो से तीन दिनों तक झमाझम बारिश की स्थिति निर्मित होगी। मानसून द्रोणिका अपनी निर्धारित स्थिति से नीचे की ओर खिसक गई है। इसके अलावा अरब सागर से भी पर्याप्त मात्रा में नमी आ रही है। इन दो स्थितियों के अतिरिक्त कोई अन्य नया सिस्टम ⏭शेष पेज 13 पर



- मानसून द्रोणिका नीचे की ओर खिसकी अरब सागर से भी आ रही नमी

सबसे ठंडा और गर्म बिलासपुर ही

प्रदेश में गुरुवार को सबसे ठंडा और सबसे गर्म बिलासपुर जिला ही रहा। सर्वाधिक अधिकतम तापमान बिलासपुर में 32.5 डिग्री दर्ज किया। सबसे कम न्यूनतम तापमान पेंड्रा में 22.8 डिग्री रहा। रायपुर का अधिकतम तापमान सामान्य से मात्र 0.5 डिग्री अधिक 31.5 डिग्री रहा। वहीं न्यूनतम तापमान सामान्य से 1.2 डिग्री कम 23.4 डिग्री रहा। ⏭शेष पेज 13 पर

नया रायपुर में हाई-स्पीड वाहनों पर अब 'स्मार्ट' नजर

9 चौराहों पर सिग्नल, 358 सीसीटीवी से हर मूवमेंट पर निगरानी

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

राजधानी के नया रायपुर क्षेत्र में यातायात व्यवस्था अब पूरी तरह से हाईटेक हो गई है। यहां पहले अक्सर ओवर स्पीड वाहनों के कारण गंभीर सड़क हादसे होते थे, जिनमें कई लोगों की जान भी जा चुकी है, लेकिन अब ऐसी लापरवाही पर तुरंत कार्रवाई हो रही है। नया रायपुर में 100 किलोमीटर प्रति घंटे से अधिक की रफ्तार से वाहन चलाते ही सीधे वाहन मालिक के मोबाइल पर चालान का मैसेज पहुंच रहा है। इसके लिए दो चरणों में नया रायपुर में सिग्नल, ⏭शेष पेज 13 पर

- ओवर स्पीड पर तुरंत कट रहा चालान, हर दिन 100 से अधिक कार्रवाई
- डेंजर जोन चौक समेत चारों दिशाओं से आने वाले मार्गों पर वाहनों की रफ्तार हुई धीमी

10 स्पीड वायलेट डिवाइस भी लगाए गए

यातायात पुलिस ने नया रायपुर में सड़क सुरक्षा को मजबूत करने के लिए प्रमुख 9 चौक-चौराहों पर आधुनिक सिग्नल सिस्टम स्थापित किया है। यह व्यवस्था खासतौर पर उन स्थानों पर की गई है, जहां पहले सड़क हादसों की संख्या अधिक थी। पहले चरण में यातायात पुलिस ने 128 सीसीटीवी कैमरे, 8 स्वचालित नंबर प्लेट पहचान प्रणाली और 10 स्पीड वायलेट डिवाइस लगाए। इसके बाद दूसरे चरण में व्यवस्था को और उन्नत किया गया। इस चरण में 230 कैमरे, 9 एएनपीआर, 9 सिग्नल, 20 लोकेशन पब्लिक एड्रेस सिस्टम और 9 आरएलवीडी ⏭शेष पेज 13 पर

मुख्यमंत्री ग्रामीण बस के लिए आखिरी टेंडर आज, 24 रूट फाइनल, 100 बसें चलाने का है लक्ष्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ में मुख्यमंत्री ग्रामीण बस सेवा के लिए रूट तय करने शुक्रवार को आखिरी टेंडर निकाला जाएगा। इससे पहले अब तक 24 रूट फाइनल हो चुके हैं। अनुमान है कि आखिरी टेंडर में 20 से 25 रूट तय हो सकते हैं। राज्य सरकार ने इस योजना के तहत 100 बसें संचालित करने का निर्णय लिया है। मुख्यमंत्री ग्रामीण बस सेवा राज्य शासन की महत्वाकांक्षी योजनाओं में से एक है। सरकार की कोशिश है कि राज्य के दूरदराज के इलाकों में जहां बस परिवहन कम है, या बसें उपलब्ध ही नहीं है, वहां बसे चलाई जाएं। योजना की शुरुआत बस्तर और सरगुजा संभाग से की जाएगी।

आज आखिरी टेंडर

परिवहन विभाग के सूत्रों के अनुसार शुक्रवार 29 तारीख को बस्तर और सरगुजा संभाग में बसें चलाने के लिए रूट का आखिरी टेंडर जारी किया जाएगा। संभावना है कि इस बार 20 से 25 रूट तय हो सकते हैं। इससे पहले अलग-अलग चरणों में 24 रूट फायनल हो चुके हैं। जो रूट फायनल हो जाएंगे उनके लिए बसों का परमिट जारी कर दिया जाएगा, लेकिन बसों का संचालन कब से शुरु होगा ये अभी साफ नहीं है। इस संबंध में राज्य शासन द्वारा निर्णय लिया जाएगा।

बस्तर-सरगुजा संभाग से होगी योजना की शुरुआत

तीन साल के लिए जारी होगा परमिट

प्रथम चरण में यह योजना सरगुजा एवं बस्तर संभाग के जिलों में लागू करने के संबंध में एसओपी जारी की जा चुकी है। खास बात ये है कि बस संचालकों को संचालन के एवज में राशि दी जाएगी। इसके साथ ही मासिक कर में पूरी छूट दी जाएगी। योजना में लाभार्थियों के चयन हेतु निविदा की प्रक्रिया अपनाई जा रही है । जिसमें अधिकतम वित्तीय सहायता की दर से न्यूनतम बिड करने वाले आवेदकों को इस योजना के अधीन बस संचालन के लिए अनुज्ञा पत्र प्राप्त करने हेतु क्षेत्रीय परिवहन प्राधिकार की अग्रिम कार्यवाही के लिये चुना किया जायेगा।

बसें 18 से 30 सीटर, सुरक्षा भी रहेगी

इस योजना के तहत चलने वाली बसों में 18 से लेकर 40 सीटों की क्षमता (चालक को छोडकर) होगी। वाहन को इस योजना के तहत अनुज्ञापत्र(परमिट) एवं सुविधा प्रदान किया जायेगा तथा ऐसे सभी वाहन प्राधिकृत वीएलटीडी निर्माता, डीलर द्वारा उपलब्ध वीएलटीडी डिवाईस एवं पैनिक बटन से युक्त होंगे।

बसों पर होगी सीएम की फोटो

योजना के तहत जिन बसों को परमिट जारी होगा। उन्हें 07 दिवस के भीतर वाहन के बॉडी में दोनों ओर बाहरी भाग पर वाहन की लंबाई अनुसार सफेद रंग के रिफलेक्टिव टेप (रेडियम) की पट्टी पर गहरे नीले रंग से मुख्यमंत्री ग्रामीण बस योजना' लिखा जायेगा। इस पट्टी के अग्र भाग पर मुख्यमंत्री छत्तीसगढ़ शासन की निर्धारित फोटो तथा पश्च भाग पर परिवहन विभाग संबंधी लोगो (चिन्ह) लगाया जाना अनिवार्य होगा। पट्टी की चौडाई 25 सेंटीमीटर और ऊंचाई में अक्षरों का आकार 20 सेंटीमीटर होगा, जिसे 25 मीटर दूरी से साफ-साफ पढ़ा जा सके। उक्त लोगों एवं नाम दोनों रिफलेक्टिव टेप (रेडियम) के माध्यम से लिखाना होगा।

खबर संक्षेप

17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक सेवा पखवाड़ा

रायपुर। भाजपा केंद्रीय कार्यालय दिल्ली में 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक चलने वाले सेवा पखवाड़ा अभियान को लेकर आवश्यक बैठक हुई। बैठक में भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने केंद्रीय कार्यालय दिल्ली में सेवा पखवाड़ा अभियान को लेकर कार्यशाला को संबोधित किया। इसमें छत्तीसगढ़ प्रदेश की टोली के सदस्य भी शामिल हुए। बैठक में 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक चलने वाले अभियान की रूपरेखा और विभिन्न कार्यक्रमों पर विस्तार से चर्चा हुई। बैठक में प्रदेश महामंत्री अखिलेश सोनी, प्रदेश उपाध्यक्ष सतीश लाटिया, प्रदेश मंत्री जंयती पटेल, हर्षिता पांडेय, प्रदेश प्रकोष्ठ संयोजक अवधेश चंदेश शामिल हुए।

विदेश दौरे से कल लौटेंगे सीएम साय, होगा भव्य स्वागत

रायपुर। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय 30 अगस्त को विदेश दौरे से रायपुर लौटेंगे। इसे लेकर रायपुर शहर जिला भाजपा ने तैयारी बैठक का आयोजन किया। इसमें भाजपा के वरिष्ठ नेता व राज्य औद्योगिक विकास निगम के अध्यक्ष राजीव अग्रवाल ने कहा, हम सबके लिए गौरव की बात है कि हमारे मुख्यमंत्री छत्तीसगढ़ के विकास के संभावनाओं को तलाशने के लिए जापान गए थे। वहां से वे 30 अगस्त को रायपुर लौट रहे हैं। भाजपा जिला अध्यक्ष रमेश सिंह ठाकुर ने कहा, विदेश दौरे के बाद राजधानी रायपुर आगमन पर मुख्यमंत्री के स्वागत हेतु पार्टी के हर मोर्चा के कार्यकर्ता व पदाधिकारी उपस्थित रहेंगे। बैठक में भाजपा की वरिष्ठ नेत्री व पूर्व विधायक श्रीमती रजनी ताई उपासने के निधन पर शोक व्यक्त करते हुए श्रद्धांजलि सभा में 2 मिनट का मौन धारण कर ईश्वर से पवित्र आत्मा को शांति प्रदान करने की प्रार्थना की गई।

सीएम साय ने पीएम पर की गई अभद्र टिप्पणी पर जताई नाराजगी

रायपुर। छत्तीसगढ़ के सीएम विष्णुदेव साय ने कथित अभद्र टिप्पणी पर गहरी नाराजगी जताई है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस और आरजेडी के मंच से पीएम मोदी के लिए की गई अभद्र टिप्पणी केवल एक व्यक्ति पर आघात नहीं है, बल्कि पूरे भारत की आत्मा और संस्कृति पर चोट है।

आम सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार के द्वारा भूमिस्वामी कन्हैया लाल पाल पिता राम मिलन पाल निवासी- सुहानी रेसीडेंसी सत्यम विहार कालोनी रायपुरा रायपुर, तहसील व जिला रायपुर छ.ग. के स्वामित्व एवं आधिपत्य की भूमि ग्राम जौंदा, प.ह.नं. 35 रा.नि.मं. नवापारा, तहसील गोबरा नवापारा जिला रायपुर छ.ग. में स्थित भूमि ख.नं. 1142 रकबा 0.110 हे भूमि को खरीदने का पक्का सौदा तय कर लिया है तथा विक्रय पंजीयन कराया जाना शेष है।

अतः उक्त संबंध में किसी भी व्यक्ति, संस्था, निगम, निकाय, बैंक, साहूकार, महाजन, या शासकीय अथवा अर्धशासकीय कार्यालय को किसी भी प्रकार से कोई उजर आपत्ति या दावा हो तो मेरे नीचे लिखे कार्यालय पते पर सूचना प्रकाशन के **सात दिवस** के भीतर खुद अथवा अपने मान्यता प्राप्त अभिकर्ता / अभिभाषक के माध्यम से सुसंगत दस्तावेजों के साथ प्रस्तुत कर पावती ले लेवें अन्यथा मेरे पक्षकार द्वारा उक्त समय व्यतित होने के पश्चात उक्त भूमि का विक्रय पंजीयन खुद अथवा अपने अधिकृत व्यक्ति के नाम पर पंजीयन करा लेवेंगा तथा बाद में किया गया दावा आपत्ति मेरे पक्षकार के उपर बंधनकारी नहीं होगा। एवं सदभावक क्रेता माना जावेंगा।

दिनांक- 27/08/2025
स्थान - अभनपुर

नागेन्द्र कुमार सिन्हा (अधिवक्ता)
अधिवक्ता अभनपुर
मो.नं. 9893906809

बूथों में वोटरों की लगने वाली भीड़ में आएगी कमी

पोलिंग बूथ व्यवस्था में होगा बदलाव, 1500 की जगह अब 1200 वोटर होंगे, इससे जिले में बढ़ेंगे 500 से ज्यादा बूथ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

आगामी चुनाव के पहले निर्वाचन आयोग पोलिंग बूथों की व्यवस्था में बदलाव करने जा रहा है। छत्तीसगढ़ में अभी तक प्रत्येक पोलिंग बूथ में अधिकतम वोटरों की संख्या 1500 निर्धारित है। इस तरह एक बूथ पर 1500 वोटर ही वोट करते हैं, लेकिन इस व्यवस्था में अब बदलाव किया जा रहा है। नई व्यवस्था के तहत एक बूथ में अधिकतम 1200 वोटर ही वोट कर पाएंगे। यह नई व्यवस्था वोटरों को सुविधा देने एवं वोटिंग का प्रतिशत बढ़ाने के उद्देश्य से की जा रही है। इस नई व्यवस्था से बूथों में वोटरों की लगने वाली भीड़ में कमी आएगी, वहीं वे आसानी से वोट भी कर सकेंगे। इस नई व्यवस्था के लिए जिला प्रशासन ने तैयारियां शुरू कर दी हैं।

लोकसभा चुनाव 2024 में 1869 बनाए गए थे पोलिंग बूथ

रायपुर जिले में वोटरों की कुल संख्या 19 लाख से अधिक है। इन वोटरों के लिए जिलेभर में पिछले बार हुए विधानसभा एवं लोकसभा चुनाव के दौरान 18 सौ से अधिक पोलिंग बूथ बनाए गए थे। वर्ष 2024 में हुए लोकसभा चुनाव के दौरान जिले में कुल 1869 पोलिंग बूथ बनाए गए थे। इनमें प्रत्येक बूथ में वोटरों की संख्या 15 सौ निर्धारित थी। एक वोटर भी बढ़ता है, तो अतिरिक्त बूथ बनाने के निर्देश थे। इन नियमों के तहत ही जिले में पोलिंग बूथ बनाए गए थे।

500 से ज्यादा बूथ का होगा इजाफा

नई व्यवस्था के तहत प्रत्येक बूथ में 12 सौ वोटरों की संख्या की जाती है, तो इससे जिले में बूथों की संख्या भी बढ़ेगी। अभी तक जिले में विधानसभा एवं लोकसभा चुनाव में 1870 के करीब पोलिंग बूथ बनाए जाते रहे हैं, लेकिन वोटरों संख्या घटने के कारण बूथों की संख्या भी बढ़ाई जाएगी। सूत्रों के अनुसार नई व्यवस्था लागू होने पर जिले में 500 से 600 के बीच बूथ बढ़ाए जा सकते हैं।

बूथ घटने से कम समय में दे पाएंगे वोट, वोटिंग प्रतिशत भी बढ़ेगा

अभी तक एक बूथ में 15 सौ वोटर होने के कारण बूथ में वोटरों की लंबी लाइन लगती थी, जिसके कारण कई बूथों में आधे से एक घंटे बाद तक वोटर को अपनी बारी आने का इंतजार करना पड़ता है, वहीं कई वोटर तो समय के अभाव सहित अन्य कारण से वोट दिए बगैर लौट भी जाते हैं। कई वोटर तो बूथ में लंबी कतार देखकर भी वापस चले जाते हैं। इन कारणों से कई बूथों में वोटिंग का प्रतिशत भी कम देखने को मिलता है। तीन सौ वोटर कम होने के कारण बूथ में लंबी लाइन में भी कमी आएगी और वोटर कम से कम समय में वोट कर सकेंगे। इससे वोटिंग का प्रतिशत भी बढ़ेगा।

मतदान दलों की संख्या भी बढ़ेगी

पोलिंग बूथ बढ़ेंगे, तो इसके लिए मतदान दल भी बढ़ाए जाने की संभावना है। जिले में अभी तक 1500 वोटरों के अनुसार बनाए गए पोलिंग बूथों में मतदान दलों की तैनाती की जाती रही है, लेकिन पोलिंग बूथ बढ़ेंगे, तो मतदान दलों की संख्या भी बढ़ेगी। इस तरह बूथ में तैनात रहने वाले पीठासीन अधिकारी सहित अन्य कर्मचारियों की संख्या भी बढ़ेगी। इसके अलावा सुरक्षा के मद्देनजर बूथों में तैनात पुलिस जवानों की संख्या भी बढ़ाई जा सकती है।

ईवीएम मशीन सहित अन्य चुनाव सामग्री का भी बढ़ना तय

पोलिंग बूथों की संख्या बढ़ने से ईवीएम मशीन सहित अन्य चुनाव सामग्री की संख्या भी बढ़ेगी। अभी तक जितने बूथ हैं, उसके अनुसार ही ईवीएम मशीन एवं चुनाव सामग्री किट लगती थी, लेकिन बूथों की संख्या बढ़ने से इनकी संख्या भी बढ़ेगी।

भेजा है प्रस्ताव

निर्देश के तहत प्रत्येक बूथ में 1500 की जगह 1200 वोटर करने की तैयारी चल रही है। इसके लिए प्रस्ताव तैयार कर भेजा है। बूथ में वोटरों की संख्या कम होने से बूथों की संख्या बढ़ेगी, लेकिन इससे वोटरों को सुविधा भी मिलेगी। इससे वोटिंग का प्रतिशत भी बढ़ेगा।

- उमाशंकर बंदे,
एडीएम रायपुर

विरोध-प्रदर्शन

शहीद स्मारक परिसर को ठेके पर देने का विरोध

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

रजबंधा मैदान के पास बने शहीद स्मारक भवन का संचालन, रखरखाव एवं चैपाटी खोलने ठेके पर देने की योजना का वरिष्ठ कांग्रेस नेताओं एवं स्वतंत्रता संग्राम सेनानी उत्तराधिकारी संघ द्वारा गुरुवार को भवन के सामने एकत्रित होकर विरोध-प्रदर्शन किया गया।

पूर्व मंत्री सत्यनारायण शर्मा ने कहा, देश की स्वतंत्रता में बलिदान देने वालों की स्मृति के रूप में शहीद स्मारक भवन का निर्माण कराया गया था। निगम प्रशासन कमाई करने के उद्देश्य से उस भवन को ठेके पर देने की तैयारी कर रहा है, जो कि शहीदों का अपमान करने जैसा है। योजना को स्थगित कराने के लिये हम सभी स्वतंत्रा सेनानी उत्तराधिकारी संघ के साथ कंधा से कंधा मिलाकर लड़ाई लड़ेंगे।

योजना स्थगित होने तक आंदोलन- संघ

स्वतंत्रता संग्राम सेनानी उत्तराधिकारी संघ के लोगों का कहना है कि यह भवन कोई साधारण भवन नहीं है, यह स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के त्याग और बलिदान का प्रतीक है। इस भवन को फूड प्लाजा बनाने का निर्णय पूरी तरह से गलत एवं असंवेदनशील है। योजना के स्थगित होने तक हम लगातार आंदोलन करते रहेंगे।

ये थे उपस्थित

आज के धरना-प्रदर्षन में प्रमुख रूप से कुलदीप जुनेजा, प्रमोद दुबे, प्रमोद चौबे, गिरीश दुबे, श्रीकुमार मेनन, कन्हैया अग्रवाल, डॉ. सुरेश शुक्ला, शिव सिंह ठाकुर, अजय तिवारी, स्वतंत्रता सेनानी उत्तराधिकारी संघ के अध्यक्ष मुरली मनोहर खंडेलवाल, अरुण दुबे, अनिरुद्ध दुबे, बबीता नत्थानी, केके अग्रवाल, पीआर अहीर, महेश दुबे, प्रवीण दीक्षित आदि उपस्थित थे।

निगम ने भावनाओं को ठेस पहुंचाई : पंकज

पंकज शर्मा ने कहा, शहीद स्मारक भवन का निर्माण छत्तीसगढ़ के महान नेताओं, नायकों और घटनाओं का सम्मान करने के लिये किया गया था। रायपुर नगर पालिक निगम इस यादगार को ठेके पर देकर हमारी भावनाओं को ठेस पहुंचाने का काम कर रहा है। ऐसे भवनों को निजी हाथों में सौंपने का हम पुरजोर विरोध करते हैं।

विधानसभा परिसर में स्थापित होगी बाबा आंबेडकर की प्रतिमा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने नवा रायपुर स्थित नवनिर्मित विधानसभा भवन परिसर में भारतीय संविधान के शिल्पकार, भारत रत्न बाबा साहेब डॉ. भीमराव आंबेडकर की 25 फीट से ऊंची भव्य प्रतिमा स्थापित करने के लिए मुख्यमंत्री विष्णु देव साय को पत्र लिखकर नियमानुसार आवश्यक कार्यवाही की अनुशंसा की है।

उन्होंने मुख्यमंत्री से लोक निर्माण विभाग एवं संबंधित अधिकारियों को इस संबंध में शीघ्र आवश्यक निर्देश जारी करने का भी आग्रह किया है। उन्होंने कहा, छत्तीसगढ़ राज्य ने अपने गठन के

25 वर्षों की यात्रा में उल्लेखनीय उपलब्धियां हासिल की हैं। संविधान में निहित स्वतंत्रता, समता, न्याय और बंधुत्व के सिद्धांतों से प्रेरित होकर यह राज्य समावेशी विकास की दिशा में निरंतर आगे बढ़ रहा है।

एडब्ल्यूएस ने रमन को सौंपा ज्ञापन

उल्लेखनीय है कि बाबा साहेब डॉ. आंबेडकर 12 दिसंबर 1945 को रायपुर आए थे और वर्तमान माधवराव सप्रे शाला परिसर (तत्कालीन लॉरी स्कूल) में ऐतिहासिक जनसभा को संबोधित किया था। इस यात्रा ने छत्तीसगढ़ की धरती को उनके विचारों और व्यक्तित्व से सशक्त बनाया। यह पहल डॉ. आंबेडकर वेलफेयर सोसाइटी (एडब्ल्यूएस) की ओर से की गई है। सोसाइटी के चेयरमैन दिलीप वासनीकर एवं प्रतिनिधिमंडल ने विधानसभा अध्यक्ष से विगत दिनों मुलाकात कर ज्ञापन सौंपा था। उन्होंने राज्य स्थापना के रजत महोत्सव वर्ष में यह प्रतिमा स्थापित करने का निवेदन करते हुए इसे सामाजिक समता और लोकतांत्रिक मूल्यों के संवर्द्धन की दिशा में ऐतिहासिक कदम बताया।

सड़कें ऊंची होती गईं, मकान नीचे, लोक निर्माण के प्रमुख अभियंता ने माना पूरे शहर का यही हाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

लोक निर्माण विभाग के प्रमुख अभियंता ने इस बात को स्वीकार किया है कि पुराने रायपुर शहर में डामर की सड़कों पर लगातार डामरीकरण किए जाने से सड़कों की ऊंचाई बढ़ गई है और इन सड़कों से लगे मकान नीचे नजर आने लगे हैं। यह हाल पूरे रायपुर शहर का हो गया है। इस मामले को लेकर उन्होंने मुख्य अभियंता को निर्देश दिया है कि पूर्व से निर्मित डामरी करण को हटाने के बाद ही सड़क का नवीनीकरण किया जाए।

दरअसल मामले की शुरुआत एक शिकायत से संबंधित थी। नितिन सिंघवी ने मामले में प्रमुख अभियंता लोक निर्माण विभाग को रायपुर के शंकर नगर चौक से बिलासा ब्लड बैंक तक हाउसिंग बोर्ड के मकान कभी सड़क से दो फीट ऊपर थे, अब 2 फीट नीचे हैं। यह स्थिति नवीनीकरण के नाम पर बार-बार डामर की परत चढ़ाने से हुई है। शहर की कई सड़कें आसपास के मकानों से ऊंची हो गई हैं। जिन मकानों की प्लिंथ कभी सड़क से ऊपर होती थी, अब वे सड़क से नीचे हो गई हैं।

लोक निर्माण ने दिया निर्देश

लोक निर्माण विभाग ने निर्देश दिया कि भविष्य में शहरी भाग का नवीनीकरण या स्थल का मजबूतीकरण करने के पूर्व मिलिंग कर पूर्व से निर्मित डामरीकरण को हटाया जावे, उसके बाद ही नवीनीकरण एवं मजबूतीकरण का कार्य किया जावे।

नगरीय निकाय से नहीं हुआ आदेश

मामले में मुख्य सचिव से आग्रह किया गया कि लोक निर्माण विभाग जैसी व्यवस्था नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग के माध्यम से रायपुर नगर निगम सहित अन्य नगरीय निकायों पर भी लागू हो, क्योंकि रायपुर की 99 प्रतिशत सड़कें निगम की हैं।

क्या है मिलिंग

मिलिंग में विशेष मशीन द्वारा पुरानी डामर परत को तय गहराई तक खुरचकर हटाया जाता है। प्राप्त सामग्री को पुनः सड़क निर्माण में प्रयोग किया जा सकता है, जिससे लागत घटती है और पर्यावरण की रक्षा होती है। यह तकनीक खासकर उन जगहों पर उपयोगी है, जहां परत-दर-परत ऊंचाई बढ़ चुकी हो और उसे मूल स्तर पर लाना हो।

विधानसभा रोड में पुरानी परत हटाकर किया गया नवीनीकरण

गौरतलब है कि नेशनल हाईवे अथॉरिटी और लोक निर्माण विभाग ने कई जगह मिलिंग के बाद ही नवीनीकरण किया है, जैसे हाल ही में रायपुर की विधानसभा रोड में मिलिंग कर पुरानी परत हटाकर नवीनीकरण का कार्य किया गया है।

प्रमुख अभियंता ने समस्या को गंभीरता से लिया

लोक निर्माण विभाग के प्रमुख अभियंता ने समस्या को गंभीरता से लेते हुए मुख्य अभियंता रायपुर को निर्देश जारी किया कि शंकर नगर से लोधीपारा तक विगत वर्षों में लगातार डामरीकरण से सड़क की ऊंचाई बहुत अधिक हो गई है, जिससे बरसात में दोनों ओर के मकानों में जलभराव होता है। यह समस्या केवल शंकर नगर की नहीं, पूरे शहर में हो सकती है।

कांग्रेस ने कभी आदिवासी नेतृत्व पर भरोसा नहीं किया : देवलाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता देवलाल ठाकुर ने कहा, कांग्रेस ने कभी आदिवासी नेतृत्व पर भरोसा नहीं किया है। जब-जब आदिवासियों को नेतृत्व करने का मौका मिला है, कांग्रेस नेतृत्व उनको अपमानित करने में कभी नहीं चूका। पूर्व मुख्यमंत्री अजीत जोगी से लेकर कवासी लखमा, मोहन मरकाम और अब प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज तक कांग्रेस का यही आदिवासी विरोधी राजनीतिक चरित्र सामने आ रहा है। कांग्रेस में हमेश आदिवासी जनप्रतिनिधि शोषित होते रहे हैं। श्री ठाकुर ने पूर्व मंत्री रवीन्द्र चौबे के नेतृत्व परिवर्तन को लेकर दिए गए बयान के परिप्रेक्ष्य में कहा, श्री चौबे का बयान बहुत ही सोची-समझी रणनीति का हिस्सा है। मौजूदा प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष को बदलने और पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल अध्यक्ष बनाने का यह बयान कहीं-न-कहीं गांधी परिवार और राहुल गांधी के संरक्षण व कहने में दिया गया प्रतीत हो रहा है। अगर श्री चौबे ऐसी बातें कह रहे हैं, तो यकीनन आगे चलकर देर-सवेर आदिवासी नेतृत्व को बदला भी जा सकता है।

नेशनल कॉन्फ्रेंस आज

रायपुर। नीति आयोग भारत सरकार द्वारा शुक्रवार 29 अगस्त को 'फोस्टेरिंग मेंटरशिप इन एजुकेशनः ए पाथवे टू इक्विटी' विषय पर नेशनल कॉन्फ्रेंस का आयोजन सुबह 9 बजे से एक होटल में रखा गया है। सम्मेलन में देश के विभिन्न राज्यों के सचिवों सहित 120 वरिष्ठ अधिकारी शामिल होंगे। यह जानकारी आर्थिक एवं सांख्यिकी संचालनालय ने दी है।

खबर संक्षेप

डीए पर मोदी की गारंटी की उपेक्षा, कर्मचारियों में रोष

आरंग। चुनाव से पूर्व मोदी की गारंटी में प्रदेश के कर्मचारियों को केन्द्र के समान देय तिथि से डीए प्रदान करने का वादा किया गया था किंतु 2% महंगाई भत्ते को जनवरी 2025 के बजाय सितम्बर 2025 से भुगतान का आदेश जारी किया गया है जो मोदी की गारंटी की अवहेलना है। वित्त विभाग द्वारा जारी आदेश से प्रदेश के लाखों कर्मचारियों को बहुत बड़ा आर्थिक नुकसान होगा। एक प्रेस विज्ञप्ति में शिक्षक कल्याण संघ आरंग प्रवक्ता पं छत्रधर दीवान ने कहा कि जिले के चार संभागों में मिडिल प्रधान पाठकों के पदों पर पदोन्नति हो चुकी है किन्तु इस मामले में रायपुर संभाग पीछे है। प्रभारी शिक्षक ही प्रधान पाठक का दायित्व सम्हाल रहे हैं, जिससे शिक्षण कार्य पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है। संयुक्त प्रेस विज्ञप्ति में शिक्षक संघ के टीके कोटरे, नेमेश्वर साहू, अरुण कुमार धीवर, जगजीवन जांगड़े, रोमेश चंद्राकर, हीरामणि साहू, डीपी बघेल आदि ने लंबित एरियर्स जमा करने, प्रधान पाठकों को प्रमोशन देने, शनिवार को शाला संचालन का समय यथावत 7.30 से 11.00 बजे तक रखने की मांग की है।

नशा मुक्ति के लिए किया गया जागरूकता कार्यक्रम

अभनपुर। शासकीय काव्योपाध्याय हीरालाल महाविद्यालय अभनपुर में नशा मुक्ति भारत अभियान के अंतर्गत जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. प्रदीप के. शुक्ला ने विद्यार्थियों को नशा मुक्ति की शपथ दिलाई। कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने पोस्टर, स्लोगन और रंगोली प्रतियोगिताओं के माध्यम से नशामुक्त समाज के संकल्प को सशक्त रूप दिया। मुख्य वक्ता के रूप में सनराइस फाउंडेशन की डॉ. संगीता कौशिक ने नशे के उपभोग से कैंसर को न्यौता विषय पर विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए नशे के दुष्परिणामों से अवगत कराया। राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) की कार्यक्रम अधिकारी डॉ. मल्लिका सूर एवं फाउंडेशन के पवन द्विवेदी ने भी उपस्थित विद्यार्थियों को नशे से दूर रहने का संदेश दिया।

निधन

संध्या वर्मा

आरंग। ग्राम टेकारी (कुंडा) निवासी संध्या वर्मा (68)का

गुरुवार को आकस्मिक निधन हो गया। वह गैदराम वर्मा की पत्नी, मनोज, निवेदिता व रेणुका की माता थीं। अंतिम संस्कार टेकारी मुक्तिधाम में किया गया।

बालमुकुंद शर्मा

सिलयारी। ग्राम सिलयारी निवासी वरिष्ठ कांग्रेस नेता बालमुकुंद शर्मा (74) का गुरुवार सुबह लगभग 7 बजे को निधन हो गया । जिसका अंतिम संस्कार गृहग्राम के श्मशान घाट में किया गया । कांग्रेस कार्यकर्ताओं में शोक की लहर है।वे आलोक शर्मा अभिषेक शर्मा के पिता थे।

तीजा पर महिलाओं के लिए कागदेही में की गई विविध प्रतियोगताएं

हरिभूमि न्यूज ⏭ आरंग

ग्राम कागदेही नगर पंचायत समोदा में प्रति वर्षानुसार सन्नी साहू अध्यक्ष ग्रामीण साहू समाज कागदेही की अगुवाई में तीजहारिन मातृ शक्तियों के लिए अनेक प्रतियोगिता जिसमे मटकी तोड़, कुर्सी दौड़, रस्साकशी, सुआनृत्य जैसे स्पर्द्धा में तीजहारिन बहन बेटियों के द्वारा बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया गया। यह केवल एक प्रतियोगिता ही नहीं थी बल्कि इस प्रकार की गतिविधियों से मातृ शक्तियों के बचपन की गतिविधियों का स्मरण दिलाना था। गांव की समस्त तीजहारिन ठाकुर देव स्थल में उपस्थित

होकर बड़े ही हर्षोल्लास के साथ गतिविधियों में भाग लिए तथा समस्त ग्रामीण का भी भरपूर साथ व सहयोग रहा। मटकी तोड़ में प्रथम पुरस्कार उर्वशी साहू को 2100 रु. नगद प्रदान किया गया। कुर्सी दौड़ में क्रमशः गोदावरी, तुलसी, ज्योति, मीणा ने विजय हासिल किया। सुआ नृत्य व रस्साकशी में ललिता, द्रौपदी, बिसनी, उमा, चित्रांगना, पूनम, जोगेश्वरी, नंदनी, हीरा, टुकेश्वरी, हेमबाई विजयी हुए। कार्यक्रम का संचालन ढालेंद्र कुमार साहू शिक्षक के द्वारा किया गया तथा जितेंद्र साहू, हरि साहू, राजेश साहू (पार्षद) भोकु प्रवीण का भी विशेष योगदान रहा।

खैरखूंट में महिलाओं व बच्चों के लिए हुईं प्रतियोगिताएं

तरपोंगी। समीपस्थ ग्राम खैरखूँट में तीज पर्व के दूसरे दिन महिलाओं एवं बच्चों के लिए विभिन्न खेल कूद प्रतियोगिता का आयोजन रखा गया था। जिसमें कबड्डी, खो खो, मटकी फोड़, रस्सा कसी आदि खेल शामिल है। विजेता खिलाड़ियों को अतिथियों के हाथों पुरस्कार दिया गया। कार्यक्रम में जिला पंचायत सभापति प्रतिनिधि महेन्द्र साहू, क्षेत्र के जनपद सदस्य देवेंद्र वर्मा,प्रवक्ता ज्योतिष कुमार, सरपंच प्रतिनिधि गुनूराम साहू, उपसरपंच कमलेश साहू, पंच प्रतिनिधि रामजी साहू, प्रेमलाल साहू, रवि यादव, नरेश साहू, युगल किशोर साहू, नागेश्वर निषाद, पोषण निषाद ,अनिल यदु, शेषणारायण साहू, प्रेमलाल निषाद सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

जीई रोड में साइंस कालेज चौपाटी वाली जगह पर 23 करोड़ की हाईटेक लाइब्रेरी

दलदल सिवनी में 500 सीटर लाइब्रेरी के लिए संचालनालय ने किया टेंडर

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

राजधानी सहित शहर के आउटर इलाके में रहने वाले युवाओं के लिए एक राहत भरी खबर है। उन्हें प्रतियोगी परीक्षा में तैयारी और शोध तथा अध्ययन कार्य के लिए 2 स्थानों पर हाईटेक लाइब्रेरी की सुविधा मिलेगी। शहर के जीई रोड स्थित साइंस कालेज चौपाटी वाली जगह पर नालंदा पार्ट 2 नाम से लाइब्रेरी बनाई जाएगी इसकी ड्राइंग डिजाइन तैयार है, इसकी क्षमता 1 हजार सीटर होगी।

दूसरी लाईब्रेरी दलदल सिवनी क्षेत्र में बनेगी जो 500 सीटर हाईटेक लाइब्रेरी के रूप में आकार लेगी। इसके लिए संचालनालय ने ऑनलाइन टेंडर किया है। दरअसल, महापौर मीनल चौबे द्वारा अपने कार्यकाल के पहले निगम बजट में युवाओं के लिए 2 स्थानों पर सर्व सुविधा युक्त लाइब्रेरी बनाने का प्रावधान किया गया। अब इसे धरातल पर साकार रूप देने जीई रोड स्थित साइंस कालेज चौपाटी वाली 2.5 एकड़ जगह पर नालंदा पार्ट 2 के नाम से लाइब्रेरी बनाई जाएगी। इसके निर्माण में 23 करोड़ रुपये खर्च होंगे। पेवेलियन शेप वाली इसकी ड्राइंग डिजाइन बनाई गई है। यह लाईब्रेरी 1 हजार सीटर होने के साथ ही जी प्लस 2 के रूप में रहेगी। नगरीय प्रशासन संचालनालय को इसके निर्माण के लिए नोडल एजेंसी बनाया गया है। नालंदा पार्ट 1 की तर्ज पर पार्ट 2 लाईब्रेरी विद्यार्थियों के लिए 24 घंटे खुली रहेगी। 1200 पुस्तकों को रखने के लिए अलग से जगह बनाई जाएगी। साथ ही ऐसे युवा जो कंप्यूटर पर अपना कोई प्रोजेक्ट लेकर कार्य करना चाहते हैं, उनके लिए को वर्किंग स्पेस की सुविधा रहेगी। परिसर में अलग-अलग खेलकूद के लिए स्पोर्ट्स जोन भी रहेगा, जिसमें पढ़ाई के साथ फिटनेस के लिए युवा अपनी पसंद के खेल का आनंद भी उठा सकेंगे।

हरिभूमि सरोकार

नालंदा पार्ट 2

- 1000 सीटर लाइब्रेरी की क्षमता
- नालंदा की तर्ज पर कलेक्टर की अध्यक्षता में गठित समिति करेगी संचालन
- को-वर्किंग स्पेस नीचे कांफ्रेंस हॉल रहेगा
- स्टूडेंट के लिए अलग से स्पोर्ट्स जोन
- रीफ्रेसमेंट के लिए नीचे कैफेटेरिया की सुविधा
- पार्किंग के लिए अलग से रहेगा स्पेस
- जी प्लस-2 रीडिंग रूम-सह ई लाईब्रेरी

दलदल सिवनी क्षेत्र में बनेगी 500 सीटर लाइब्रेरी

नगर निगम जोन 9 क्षेत्र स्थित कुशाभाऊ ठाकरे वार्ड के दलदल सिवनी इलाके में युवाओं के लिए 500 सीटर सर्व सुविधा युक्त लाइब्रेरी बनाई जाएगी। 11 करोड़ की लागत से बनने वाली लाइब्रेरी निर्माण के लिए एजेंसी तय करने संचालनालय नगरीय प्रशासन विभाग ने ऑनलाइन टेंडर किया है। इस लाइब्रेरी के निर्माण से शहर के आउटर में रहने वाले युवाओं को अपने कॅरियर निर्माण और प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी के लिए एक बेहतर प्लेटफार्म मिलने लगेगा। अधोसंरचना मद में राज्य शासन ने इसके निर्माण के लिए राशि की स्वीकृति प्रदान की है।

दलदल सिवनी में लाइब्रेरी का टेंडर

दलदल सिवनी में 11 करोड़ की लागत से हाईटेक लाइब्रेरी का निर्माण होगा। इसके लिए ऑनलाइन टेंडर किया गया है। जीई रोड स्थित साइंस कालेज खेल मैदान के सामने 23 करोड़ की लागत से 1 हजार सीटर नालंदा पार्ट 2 लाइब्रेरी निर्माण के लिए टेंडर प्रोसेस में है।

- **राजेश शर्मा,** मुख्य अभियंता, संचालनालय नगरीय प्रशासन विभाग

फुटू की डिमांड बढ़ी 350 रुपए किलो

हरिभूमि न्यूज ⏭ आरंग

गाँव और आसपास के हाट-बाजारों में इस सीजन सबसे ज्यादा चर्चा का विषय बना रहा भिम्भोरा फुटू (सब्जी)। गुरुवार को समोदा के बाजार में भिम्भोरा की कीमत आसमान छूते हुए सीधे 350 रुपये किलो तक पहुँच गई। हैरानी की बात यह रही कि महँगे दामों के बावजूद खरीदारों की भीड़ लगी रही, लेकिन सीमित मात्रा में उपलब्ध होने के कारण विक्रेता सभी की मांग पूरी नहीं कर पाए।स्थानीय सब्जी विक्रेताओं का कहना है कि इस बार मौसम की मार और जंगल में कम उपज की वजह से भिम्भोरा की आपूर्ति बेहद कम हुई है।

"मांग हर साल रहती है, लेकिन इस बार खरीदार ज्यादा और माल बहुत कम है, इसीलिए रेट अपने आप बढ़ गया,/" एक विक्रेता ने बताया। खास बात यह है कि भीमबोरा को स्वाद और सेहत दोनों के लिहाज से बेहद खास माना जाता है। ग्रामीण क्षेत्रों से लेकर कस्बाई बाजारों तक इसके शौकीन लोग खुले दिल से पैसे खर्च करने को तैयार हैं। खरीदारों का कहना था कि /"कीमत चाहे जितनी भी हो, भिम्भोरा का स्वाद अनोखा है, इसलिए हमें लेना ही पड़ता है। गाँव के बड़े-बुजुर्ग बताते हैं कि भिम्भोरा की सब्जी पारंपरिक व्यंजनों में खास स्थान रखती है और इसे बरसात के मौसम में खूब पसंद किया जाता है। वहीं, इस बार ऊँचे दाम ने आम लोगों की थाली से इसे दूर कर दिया है। मांग और आपूर्ति के इस असंतुलन से व्यापारी भी परेशान हैं। कई खरीदारों को बिना सब्जी लिए ही बाजार से लौटना पड़ा। जानकारों का कहना है कि अगर आने वाले दिनों में जंगल से पर्याप्त मात्रा में भिम्भोरा की तुड़ाई नहीं हुई तो इसके दाम और ऊपर जा सकते हैं।

वेदव्रत को आईपीएस अवार्ड, क्षेत्र में खुशी की लहर

हरिभूमि न्यूज ⏭ तिल्दा नेवरा

छत्तीसगढ़ में सात पुलिस अधिकारियों को आईपीएस अवार्ड मिला है जिसमें से तिल्दा ब्लॉक के ग्राम बोईरझीटी के मूल निवासी वेदव्रत सिरमौर भी शामिल है, जिससे क्षेत्र में खुशी की लहर व्याप्त है। वेदव्रत सिरमौर छत्तीसगढ़ मनवा कुर्मी क्षत्रिय समाज के पूर्व केंद्रीय अध्यक्ष व समाजसेवी डॉ. रामकुमार सिरमौर के सुपुत्र, प्रदेश अध्यक्ष छत्तीसगढ़ वेटनरी डॉक्टर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष डॉ. संजीव सिरमौर के भाई हैं व एमआरएम हॉस्पिटल खरोरा एवं अनुपम हॉस्पिटल मोवा रायपुर की डायरेक्टर डॉ. नम्रता सिरमौर के पति हैं। वहीं एएसपी वेदव्रत सिरमौर को आईपीएस प्रमोट होने पर तिल्दा नेवरा क्षेत्र व शहर में खुशी की लहर व्याप्त हो गई है। छग मनवा कुर्मी क्षत्रिय समाज के केंद्रीय अध्यक्ष खोड़सराम कश्यप, तिल्दा राज प्रधान ठाकुर राम वर्मा, पूर्व केंद्रीय युवा अध्यक्ष नूतन बंछोर, समाज के मीडिया प्रभारी दिलीप वर्मा, बोईरझीटी के सरपंच मुकेश सोनवानी, कोहका

घुलघुल सरपंच तेजराम वर्मा, लक्ष्मी नारायण वर्मा, प्रमोद वर्मा, प्रशांत गुप्ता, देवा दास टंडन, कपिल कश्यप, भगवती सिरमौर, देवव्रत नायक, श्रीमती कौशल वर्मा, रजत कश्यप, गुलाब आडील, गुलाब यदु, सौरभ सिरमौर, सतीश विक्की वर्मा, राधिका वर्मा, रुद्र कुमार वर्मा, आर सी वर्मा, अनुराधा वर्मा, दीपक वर्मा, शरद वर्मा, अनिल नायक, ओम प्रकाश ठाकुर, सहित कई लोगों ने बधाई दी है।

ऋषि पंचमी पर पुलावा का किया वितरण

आरंग। ऋषि पंचमी दिन गुरुवार को बोरिद निवासी यादराम साहू द्वारा राय देवता मन्दिर में पार्थ साहू के जन्मोत्सव पर प्रसादी के रूप में पुलाव का वितरण किया गया। इस कड़ी में भागवत प्रवक्ता पं. छत्रधर दीवान, यादराम साहू, रोहित चंद्राकर की उपस्थिति रही। इस पुण्य कार्य में शिक्षक जितेंद्र वर्मा, भेखलाल साहू, फनेंद्र चंद्राकर, हर्षित साहू, लव साहू, रूपेश यादव, डोमार साहू ने अपना अमूल्य सहयोग प्रदान किया। महासमुंद-रायपुर मुख्य मार्ग से गुजरने वाले सभी राहगीरों ने प्रसाद ग्रहण किया।

पालिका की बारात घर योजना फेल, कुछ बिकी, बांकी जर्जर

हरिभूमि न्यूज ⏭ तिल्दा नेवरा

तिल्दा नेवरा। तिल्दा नेवरा नगर पालिका क्षेत्र अंतर्गत गुरु घासीदास चौक के पास नगर पालिका द्वारा लाखों रुपए की लागत से निर्मित बारात घर जर्जर स्थिति में है, कुछ दुकानों बिकी है बाकी जर्जर हो चुकी है वही कुछ लोगों द्वारा कई दुकानों पर शटर तोड़कर कब्जा किए जाने की शिकायतें भी सामने आई है। वही यहां पर कबाड़ी का व्यवसाय भी धड़ले से जारी है, सालों से यह कारोबार यहां पर फल फूल रहा है, जहां अवैध रूप से कबाड़ी सामानों की खरीदी बिक्री का आरोप भी लग चुके है। यहां नियमित जांच नहीं होने से ऐसे कबाड़ियों के हौसले बुलंद है। वहीं सूत्रों ने बताया ऐसे कबाड़ी दुकानदारों द्वारा अवैध रूप से सामानों की खरीदी बिक्री की जाती है यहां पर तीन दुकानों में उक्त कबड्डी का व्यवसाय जारी है। साथ ही बता दें जांच करवाई नहीं होने के चलते कबाड़ी का यह व्यवसाय काफी फल फूल रहा है, शहर वासियों ने उक्त कबाड़ी दुकान की जांच की मांग की है। वहीं वर्षों से निर्मित उक्त बारात घर की मरम्मत व देखरेख की मांग भी की गई है।

पंडालों के कारण चरमराई ट्रैफिक व्यवस्था, लग रहा सड़कों पर जाम

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

भगवान गणपति बप्पा की भक्ति के आगे पुलिस भी बेबस नजर आ रही है। शहर में जगह-जगह सड़क पर लगे पंडालों के कारण अब शहर की ट्रैफिक व्यवस्था भी चरमराती नजर आ रही है। शाम ढलते ही शहर में विभिन्न रूपों में विराजे बप्पा के दर्शन करने भक्तों की भीड़ निकलने लगी है, जिसके कारण सड़कों पर अब जाम की स्थिति बनने लगी है। लाखेनगर चौक के पास सड़क किनारे लगाए गए पंडाल के कारण इस

मार्ग से गुजरने वाली गाड़ियां जाम में फंस रही हैं। लाखेनगर चौक से आमापारा जाने वाले मार्ग पर सड़क के कुछ हिस्से को गणेश समिति के लोगों ने गुरुवार को आवागमन के लिए बंद कर दिया, जिसके कारण गाड़ियां हिन्द स्पोर्ट्स मैदान के अंदर से होकर गुजर रही हैं, लेकिन मैदान के दोनों तरफ का गेट छोटा होने के कारण गाड़ियां जाम में फंस रही हैं।

शहर के अन्य कई मार्गों पर भी यही स्थिति

शहर में अन्य कई प्रमुख मार्ग हैं, जहां गणेश पंडालों के कारण सड़कों पर ट्रैफिक जाम की स्थिति बन रही है। इसके बाद भी ट्रैफिक पुलिस कर्मी इन मार्गों पर बहुत कम नजर आ रहे हैं।

पेज 11 के शेष...

यूजी की 39% और...

उच्च शिक्षा विभाग को खत लिखकर मांग की है कि वे प्रवेश की अंतिम तिथि में वृद्धि करें ताकि खाली रह गईं सीटें भरी जा सकें। प्राप्त जानकारी के अनुसार, रिक्त रह गई सीटों में से अधिकतर परंपरागत पाठ्यक्रमों की सीटें हैं। बीबीए, बीसीए जैसे पाठ्यक्रमों की सीटें शुरुआती चरणों में ही भर चुकी हैं। कई निजी महाविद्यालय ऐसे भी हैं, जहां कई विषयों का खाता ही नहीं खुल सका है। इन महाविद्यालयों ने भी खत लिखकर रविवि से मांग की है कि पूरक परीक्षा में उत्तीर्ण छात्रों को एक अवसर प्रवेश के लिए दिया जाए।

40 करोड़ में...

मुंबई जैसे महानगरों की तर्ज पर शहर के तेलीबांधा चौक के बगल में आठ मंजिला ट्रेड सेंटर बनाया जायेगा। रायपुर नगर निगम ने इसके लिए 2 एकड़ जमीन चयनित कर 40 करोड़ रुपये का प्रोजेक्ट तैयार किया है। राज्य शासन के नगर उत्थान योजना के तहत बहुमंजिला ट्रेड टावर सेंटर बनाया जाएगा। आधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित ट्रेड टावर में अलग से बिजनेस कांफ्रेंस हॉल रहेगा। ठहरने के लिए हॉटल और खाने पीने की सुविधा के लिए रेस्टारेंट भी रहेगा। 8 मंजिला व्यावसायिक परिसर में पार्किंग के लिए अलग से स्पेस रहेगा। इसके साथ ही परिसर हाईटेक सीसीटीवी कैमरे से लैस रहेगा, सेंटर में अलग-अलग प्रयोजन के हिसाब से कक्ष भी तैयार किये जाएंगे। प्लान ऐसा है कि इंफोसिस, गूगल, विप्रो जैसी मल्टीनेशनल कंपनियों के आने में किसी तरह की दिक्कत न हो। यानी एक ही कैंपस में सारी तरह की सुविधाएं मिलेंगी।

पांच जिलों में...

दौरान पुलिस ने हेरोइन चिट्टा, गांजा, शराब से लेकर कई तरह के मादक पदार्थों की जब्ती करने के साथ फरार वारंटी बदमाशों को गिरफ्तार करने में कामयाबी हासिल की। पुलिस ने इन पांचो जिलों में ढाई सौ से ज्यादा स्थानों पर छापे की कार्रवाई की है। पुलिस ने 31 संदिग्धों की परेड कराकर उनसे नशा मुक्ति के साथ नशे के कारोबार से दूर रहने शपथ पत्र भरवाया।

अगले दो दिनों...

फिलहाल निर्मित नहीं हो रहा है। इनके प्रभाव से मध्यम से भारी बारिश दक्षिणी छत्तीसगढ़ में होगी। वहीं उत्तरी छत्तीसगढ़ में इस दौरान हल्की बारिश ही होगी।

सबसे ठंडा और...

आसमान में बादल छाए रहे, लेकिन दिनभर बारिश दर्ज नहीं हुई। इसके उलट बुधवार रात्रि से गुरुवार सुबह 8 बजकर 30 मिनट तक रायपुर में 5 सेमी बारिश हुई।

नया रायपुर में...

सीसीटीवी कैमरे और स्वचालित नंबर प्लेट पहचान करने वाले आधुनिक कैमरे लगाए गए हैं। इन कैमरों की मदद से दिन और रात, दोनों समय वाहनों की गति और नियम उल्लंघन की निगरानी की जा रही है। इससे यातायात नियम तोड़ने वाले वाहन चालकों पर अब तत्काल कार्रवाई संभव हो गई है। हरिभूमि की पड़ताल में सामने आया कि नया रायपुर के एयरपोर्ट, मंत्रालय रोड, स्टेडियम और प्रमुख होटलों के रास्तों पर लगे सिग्नल और हाईटेक कैमरों की वजह से अब लोग ट्रैफिक नियमों का पालन कर रहे हैं। नई व्यवस्था के लागू होने का असर भी दिख रहा है। चालान के डर से अब लोग ट्रैफिक सिग्नल पार करने से बच रहे हैं।

100 से अधिक रफ्तार में कट रहा चालान

नया रायपुर क्षेत्र में दिन और रात के समय तेज रफ्तार से वाहन चलाने वालों पर लगातार कार्रवाई हो रही है। यातायात डीएसपी सतीष ठाकुर ने बताया कि 100 किलोमीटर प्रति घंटे से अधिक की रफ्तार से वाहन चलाने पर रोजाना 100 से 150 चालान भेजे जा रहे हैं। इसमें बाइक, कार और अन्य वाहन शामिल हैं। उन्होंने कहा कि सिस्टम के हाईटेक होने के बाद बड़ी संख्या में लोगों ने तेज रफ्तार में वाहन चलाना कम किया है। चालान की सख्ती का सीधा असर सड़क पर दिख रहा है और हादसों पर भी नियंत्रण की उम्मीद है।

10 स्पीड वायलेट...

(रेड लाइट वॉयलेशन डिटेक्शन) सिस्टम लगाए गए हैं। इस हाईटेक तकनीक के जरिए ट्रैफिक पुलिस अब रियल टाइम में नियम तोड़ने वालों पर नजर रख पा रही है।

मंत्री बनने के बाद प्रथम नगर आगमन पर निकाली रैली

मंत्री गुरु खुशवंत और टंकराम का किया गया भव्य स्वागत

हरिभूमि न्यूज ⏭ तिल्दा नेवरा

आरंग विधायक गुरु खुशवंत साहेब का मंत्री के बनने के बाद प्रथम तिल्दा नेवरा आगमन हुआ जहां जोरदार स्वागत किया गया। मंत्री बनने के बाद प्रथम तिल्दा नेवरा आगमन पर गुरु खुशवंत साहेब का आतिशी व आत्मिक स्वागत किया गया और जोरदार रैली शहर में निकाली गई। मंत्री गुरु खुशवंत साहेब का मंत्री टंक राम वर्मा, जिला पंचायत अध्यक्ष नवीन अग्रवाल, भाजपा जिला अध्यक्ष श्याम नारंग, भाजयुमो के प्रदेश अध्यक्ष राहुल योगराज टिकरिहा, जिला पंचायत सभापति सौरभ गुरु, स्वाति वर्मा के साथ नगर आगमन हुआ। अग्रवाल होंडा के परिसर में अतिथियों का सर्वप्रथम अग्रवाल होंडा में उनका स्वागत किया गया। बता दें अग्रवाल होंडा के संचालक अंकित अग्रवाल अमिश अग्रवाल उनके सहपाठी रहे हैं। होंडा परिसर में अमीष

अग्रवाल, आशीष (हैप्पी) अग्रवाल, सहित पूर्व विधायक प्रमोद शर्मा, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती लक्ष्मी वर्मा, घुलघुल कोहका के सरपंच तेजराम वर्मा, अग्रवाल होंडा के संचालक एस एल अग्रवाल, देवेंद्र अग्रवाल आदि स्वागत किया।

इसी तरह नीलकमल परिसर में पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष महेश अग्रवाल के नेतृत्व में उनका आत्मीय एवं आतिशी स्वागत किया गया। यहां पर मंत्री गुरु खुशवंत साहेब एवं मंत्री टंक राम वर्मा को फलों से तौला गया। इसके अलावा जगह-जगह चौक-चौराहों में स्वागत किया गया। इस अवसर पर पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष महेश अग्रवाल रमेश रिंकू अग्रवाल पूर्व पार्षद विकास कोटवानी, जीतू माधवानी , आदर्श अग्रवाल अंकित, अमिश अग्रवाल, पंकज यदु , सुरेश वर्मा , सतीश निषाद , दीनू साहू, सौरभ जैन, जयेश पैकरा, गौरव अग्रवाल, धर्मेंद्र डहरिया, राम पंजवानी , राजेश सेतपाल, भाजपा मंडल अध्यक्ष मनोज निषाद , ग्रामीण अध्यक्ष नरसिंह वर्मा , पवन अग्रवाल , रवि सेन देवव्रत शर्मा, शंकर वर्मा , अनिल शर्मा, दिलीप वर्मा, रितेश वाधवा सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता व उनके समर्थक उपस्थित हुए।

खबर संक्षेप

देवदास बंजारे का स्मृति दिवस, मंत्री गुरु खुशवंत ने दी श्रद्धांजलि

रायपुर। राजधानी रायपुर के अंतर्गत बाराडेरा में गुरुवार को अंतर्राष्ट्रीय पंथी कलाकार देवदास बंजारे का स्मृति दिवस मनाया गया। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ कलाकार संगठन के प्रदेशाध्यक्ष डॉ. हृदय प्रकाश अनंत के नेतृत्व में प्रदेश स्तरीय सुरता व कलाकार सम्मेलन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान मुख्य अतिथि कैबिनेट मंत्री गुरु खुशवंत और कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे मेला कमेटी के अध्यक्ष नारायण कुर्रे सहित प्रदेशभर के समस्त कलाकारों ने सतनाम संस्कृति एवं संगीत अकादमी संगठन के साथ एकत्रित होकर देवदास बंजारे को संगीतमय श्रद्धांजलि अर्पित की। कार्यक्रम में छग के लोक संगीत में विशिष्ट योगदान के लिए गोरेलाल बर्मन को संगीत शिरोमणि सम्मान से सम्मानित किया गया। इसके अलावा छग केश शिल्प कल्याण बोर्ड की अध्यक्ष मोना सेन, संतोष कुर्रे, हेमलाल चतुर्वेदी, डॉ. जेआर सोनी, किशन सेन, महेंद्र महेश्वर, अरविंद कुर्रे, डॉ. देवेश डहरिया, डॉ. रोहित डहरिया, जगत खंडेलवाल को भी सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में एलएल कोशले, पूर्व राज्यसभा सांसद भूषण लाल जांगड़े, सरला कोसरिया, मोहन बंजारे, चेतन चंदेल, रघुनाथ भारद्वाज, पप्पू बंजारे, नरेंद्र कुर्रे, पप्पू चेलक समेत अनेक जनप्रतिनिधि शामिल हुए।

लूट, डकैती के लंबे अरसे से फरार बदमाश गिरफ्तार

रायपुर। महासमुंद जिला जेल से चार वर्ष पूर्व लूट, डकैती के फरार बदमाश को रायपुर क्राइम ब्रांच पुलिस ने गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार बदमाश के खिलाफ रायपुर, महासमुंद में लूट तथा डकैती के पांच मामले दर्ज हैं।

पुलिस गिरफ्त में आया बदमाश डीकेएस सुपर स्पेशलिटी अस्पताल में उपचार कराने के दौरान पुलिस को चकमा देकर 19 मई 2021 को फरार हो गया था। पुलिस ने मोवा, दलदलसिवनी निवासी धनीराम धृतलहरे को गिरफ्तार किया है। धनीराम को गोलबाजार पुलिस 11 नवंबर 2021 को तिल्दा से गिरफ्तार कर रायपुर ला रही थी, इस दौरान उसने पुलिस गाड़ी का शीशा तोड़ कर पुलिसकर्मियों पर हमला कर हथकड़ी सहित फरार हो गया था। धनीराम के रायपुर में होने की सूचना मिलने पर पतासाजी कर पुलिस उसे पकड़ने घेराबंदी कर पकड़ने जा रही थी। इस दौरान धनीराम पुलिस को देखकर भागने की कोशिश करने लगा। भागने के दौरान धनीराम दोनों पैरों में चोटिल हो गया और वह भागने में असफल रहा।

छग ऑफिसर्स वेलफेयर ने मनतृप्त को किया सम्मानित



रायपुर। छत्तीसगढ़ ऑफिसर्स वेलफेयर एसोसिएशन द्वारा एक होटल में बुधवार को रोवर रेंजर अवार्डी मनतृप्त कौर संधू को मोमेंटो ऑफ आर्नर से सम्मानित किया गया। गत दिनों भारत स्काउट्स एवं गाइड्स की मनतृप्त कौर संधू को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू द्वारा रोवर रेंजर पुरस्कार एवं प्रमाणपत्र से सम्मानित किया गया था। राष्ट्रपति ने यह सम्मान उसे राष्ट्रपति रेंजर प्रमाणपत्र परीक्षा में विशेष स्थान प्राप्त करने पर दिया है। बीकाम, एमए,पीजीडीसीए के साथ ही मनतृप्त कौर ने सिखों की युद्ध शैली "गतका" में भी महारत हासिल की है, वे इसकी राष्ट्रीय स्तर की खिलाड़ी भी हैं। इन दिनों वह भारतीय प्रशासनिक सेवा परीक्षा की तैयारी कर रही है। इस अवसर पर मनतृप्त कौर के पिता गुरुजीत सिंह संधू प्रमुख सलाहकार छत्तीसगढ़ चेंबर्स ऑफ कॉमर्स तथा माता पवनजीत कौर संधु उपस्थित थीं। कार्यक्रम में जीएस बॉम्बरा, एचएस धींगरा, बीएस सलूजा, केएस झास, आरएस अजमानी, अमोलक सिंह छाबड़ा, टीपीएस भाटिया, सुखबीर सिंह सिंघोत्रा, तेजपाल सिंह हंसपाल आदि शामिल थे।

डूमरतराई थोक बाजार पर मानसून की मार, कम हो गया रोज चार करोड़ का कारोबार

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

प्रदेश के सबसे बड़े थोक बाजार डूमरतराई पर मानसून की बड़ी मार पड़ रही है। इसी के साथ ई-कॉमर्स कंपनियों के कारण भी 20 फीसदी कारोबार प्रभावित हो रहा है। इस बाजार में रोज का 10 से 12 करोड़ का कारोबार होता है, लेकिन मानसून और ई-कॉमर्स कंपनियों के कारण डूमरतराई में रोज करीब चार करोड़ का कारोबार कम हो गया है।

डूमरतराई थोक बाजार से जहां राजधानी के सभी बाजारों और पूरे शहर की किराना दुकानों में थोक सामान की सप्लाई होती है, वहीं प्रदेश के ज्यादातर शहरों में भी यहां से सामान जाता है। यही नहीं, डूमरतराई से पड़ोसी राज्य ओडिशा, झारखंड, आंध्रप्रदेश में भी सामान की सप्लाई होती है। मानसून के कारण यहां पर खरीदारी करने प्रदेश के शहरों के साथ अन्य राज्यों के कारोबारी भी कम आ रहे हैं। इसी के साथ अब बस्तर और ओडिशा के संबलपुर में भी कई कंपनियां अपने डिपो खोल रही हैं, तो इसके कारण भी डूमरतराई से बस्तर और ओडिशा के शहरों में माल जाना कम हो गया है।

ई-कॉमर्स कंपनी के कारण 20 फीसदी कारोबार घटा

ऑनलाइन की बड़ी मार

कारोबारियों के मुताबिक मानसून के कारण कारोबार 15 से 20 फीसदी ही प्रभावित होता है, लेकिन ई-कॉमर्स कंपनियों के कारण कारोबार ज्यादा प्रभावित हो रहा है। ग्राहकों को घर बैठे-बैठे किराना का हर सामान 10 से 15 मिनट में मिल जा रहा है। ऐसा होने से जब ग्राहक अपने घरों के आसपास के किराना दुकानों में नहीं जा रहे हैं, तो किराना दुकान वाले थोक बाजार में भी कम खरीदारी कर रहे हैं।

मंदी का दौर

कारोबारियों के मुताबिक इस समय मंदी का बड़ा दौर चल रहा है। एक तो मानसून के कारण वैसे ही कारोबार कम हो जाता है, ऊपर से मंदी भी चल रही है। चिल्हर कारोबारियों के यहां ग्राहक कम आ रहे हैं। इसकी वजह से थोक कारोबार भी प्रभावित हो रहा है। बारिश में सामान के खराब होने के खतरे के कारण ग्राहक कम सामान की खरीदारी कर रहे हैं। जो ग्राहक एक माह का सामान ले जाते हैं, वो 15 दिनों का ही ले रहे हैं। इसी तरह से जो 15 दिनों का सामान लेते हैं, तो एक सप्ताह का ही सामान खरीद रहे हैं।

घट गया कारोबार

मानसून के साथ ही ई-कॉमर्स कंपनियों के कारण डूमरतराई थोक बाजार में करीब 30 फीसदी कारोबार कम हो गया है।

- **प्रेम पाहुजा,** अध्यक्ष, डूमरतराई थोक बाजार

जीई रोड में साइंस कालेज चौपाटी वाली जगह पर 23 करोड़ की हाईटेक लाइब्रेरी

दलदल सिवनी में 500 सीटर लाइब्रेरी के लिए संचालनालय ने किया टेंडर

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

राजधानी सहित शहर के आउटर इलाके में रहने वाले युवाओं के लिए एक राहत भरी खबर है। उन्हें प्रतियोगी परीक्षा में तैयारी और शोध तथा अध्ययन कार्य के लिए 2 स्थानों पर हाईटेक लाइब्रेरी की सुविधा मिलेगी। शहर के जीई रोड स्थित साइंस कालेज चौपाटी वाली जगह पर नालंदा पार्ट 2 नाम से लाइब्रेरी बनाई जाएगी इसकी ड्राइंग डिजाइन तैयार है, इसकी क्षमता 1 हजार सीटर होगी।

दूसरी लाईब्रेरी दलदल सिवनी क्षेत्र में बनेगी जो 500 सीटर हाईटेक लाइब्रेरी के रूप में आकार लेगी। इसके लिए संचालनालय ने ऑनलाइन टेंडर किया है। दरअसल, महापौर मीनल चौबे द्वारा अपने कार्यकाल के पहले निगम बजट में युवाओं के लिए 2 स्थानों पर सर्व सुविधा युक्त लाइब्रेरी बनाने का प्रावधान किया गया। अब इसे धरातल पर साकार रूप देने जीई रोड स्थित साइंस कालेज चौपाटी वाली 2.5 एकड़ जगह पर नालंदा पार्ट 2 के नाम से लाइब्रेरी बनाई जाएगी। इसके निर्माण में 23 करोड़ रुपये खर्च होंगे। पेवेलियन शेप वाली इसकी ड्राइंग डिजाइन बनाई गई है। यह लाईब्रेरी 1 हजार सीटर होने के साथ ही जी प्लस 2 के रूप में रहेगी। नगरीय प्रशासन संचालनालय को इसके निर्माण के लिए नोडल एजेंसी बनाया गया है। नालंदा पार्ट 1 की तर्ज पर पार्ट 2 लाईब्रेरी विद्यार्थियों के लिए 24 घंटे खुली रहेगी। 1200 पुस्तकों को रखने के लिए अलग से जगह बनाई जाएगी। साथ ही ऐसे युवा जो कंप्यूटर पर अपना कोई प्रोजेक्ट लेकर कार्य करना चाहते हैं, उनके लिए को वर्किंग स्पेस की सुविधा रहेगी। परिसर में अलग-अलग खेलकूद के लिए स्पोर्ट्स जोन भी रहेगा, जिसमें पढ़ाई के साथ फिटनेस के लिए युवा अपनी पसंद के खेल का आनंद भी उठा सकेंगे।

हरिभूमि सरोकार

नालंदा पार्ट 2 की खास बातें

- 1000 सीटर लाइब्रेरी की क्षमता
- नालंदा की तर्ज पर कलेक्टर की अध्यक्षता में गठित समिति करेगी संचालन
- को-वर्किंग स्पेस नीचे कांफ्रेंस हॉल रहेगा
- स्टूडेंट के लिए अलग से स्पोर्ट्स जोन
- रीफ्रेसमेंट के लिए नीचे कैफेटेरिया की सुविधा
- पार्किंग के लिए अलग से रहेगा स्पेस
- जी प्लस-2 रीडिंग रूम-सह ई लाईब्रेरी



दलदल सिवनी क्षेत्र में बनेगी 500 सीटर लाइब्रेरी

नगर निगम जोन 9 क्षेत्र स्थित कुशाभाऊ ठाकरे वार्ड के दलदल सिवनी इलाके में युवाओं के लिए 500 सीटर सर्व सुविधा युक्त लाइब्रेरी बनाई जाएगी। 11 करोड़ की लागत से बनने वाली लाइब्रेरी निर्माण के लिए एजेंसी तय करने संचालनालय नगरीय प्रशासन विभाग ने ऑनलाइन टेंडर किया है। इस लाइब्रेरी के निर्माण से शहर के आउटर में रहने वाले युवाओं को अपने कॅरियर निर्माण और प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी के लिए एक बेहतर प्लेटफार्म मिलने लगेगा। अधोसंरचना मद में राज्य शासन ने इसके निर्माण के लिए राशि की स्वीकृति प्रदान की है।

दलदल सिवनी में लाइब्रेरी का टेंडर

दलदल सिवनी में 11 करोड़ की लागत से हाईटेक लाइब्रेरी का निर्माण होगा। इसके लिए ऑनलाइन टेंडर किया गया है। जीई रोड स्थित साइंस कालेज खेल मैदान के सामने 23 करोड़ की लागत से 1 हजार सीटर नालंदा पार्ट 2 लाइब्रेरी निर्माण के लिए टेंडर प्रोसेस में है।

- **राजेश शर्मा,** मुख्य अभियंता, संचालनालय नगरीय प्रशासन विभाग

भक्ति के आगे पुलिस बेबस

पंडालों के कारण चरमराई ट्रैफिक व्यवस्था, लग रहा सड़कों पर जाम

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

भगवान गणपति बप्पा की भक्ति के आगे पुलिस भी बेबस नजर आ रही है। शहर में जगह-जगह सड़क पर लगे पंडालों के कारण अब शहर की ट्रैफिक व्यवस्था भी चरमराती नजर आ रही है। शाम ढलते ही शहर में विभिन्न रूपों में विराजे बप्पा के दर्शन करने भक्तों की भीड़ निकलने लगी है, जिसके कारण सड़कों पर अब जाम की स्थिति बनने लगी है। लाखेनगर चौक के पास सड़क किनारे लगाए गए पंडाल के कारण इस मार्ग से गुजरने वाली गाड़ियां जाम में फंस रही हैं। लाखेनगर चौक से आमापारा जाने वाले मार्ग पर सड़क के कुछ हिस्से को गणेश समिति के लोगों ने गुरुवार को आवागमन के लिए बंद कर दिया, जिसके कारण गाड़ियां हिन्द स्पोर्ट्स मैदान के अंदर से होकर गुजर रही हैं, लेकिन मैदान के दोनों तरफ का गेट छोटा होने के कारण गाड़ियां जाम में फंस रही हैं।

शहर के अन्य कई मार्गों पर भी यही स्थिति

शहर में अन्य कई प्रमुख मार्ग हैं, जहां गणेश पंडालों के कारण सड़कों पर ट्रैफिक जाम की स्थिति बन रही है। इसके बाद भी ट्रैफिक पुलिस कर्मी इन मार्गों पर बहुत कम नजर आ रहे हैं। लाखेनगर चौक से आमापारा मार्ग पर भी लोग जाम में फंसते रहे, लेकिन यहां भी एक भी ट्रैफिक पुलिस कर्मी तैनात नहीं दिखा जो जाम को क्लीयर कराकर वहां सुचारू रूप से आवागमन करा सके।

दिल्ली में वित्त मंत्री से मिली छत्तीसगढ़ चैंबर की टीम

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

छत्तीसगढ़ चैंबर ऑफ कामर्स के प्रतिनिधिमंडल ने गुरुवार को नई दिल्ली के नार्थ ब्लॉक में केन्द्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण से मुलाकात की। इस दौरान चैंबर की ओर से जीएसटी से जुड़ी समस्याओं को केन्द्रीय वित्त मंत्री के समक्ष रखा गया। यही नहीं, कर प्रणाली से संबंधित मुद्दों पर सुझाव रखे गए।

- जीएसटी से जुड़ी समस्याओं को लेकर रखी मांगें

चैंबर के वरिष्ठ पदाधिकारी श्रीचंद सुंदरानी ने वित्त मंत्री को बताया कि जीएसटी कानून की धारा 71 के तहत अधिकारियों द्वारा व्यापारियों पर अनावश्यक दबाव बनाया जा रहा है। इस पर वित्त मंत्री ने तुरंत अधिकारियों से जानकारी लेने के निर्देश दिए। बैठक में चैंबर प्रतिनिधिमंडल ने प्रमुख रूप से अपील दायर करने की समय सीमा बढ़ाने, ई वे बिल में मामूली तकनीकि गलतियों पर भारी जुर्माना न लगाने, गुलाल पर जीएसटी की दर 18 फीसदी से घटाकर 5 फीसदी करने की मांग की गई। इस अवसर पर चैंबर अध्यक्ष सतीश थौरानी, पूर्व विधायक लाभचंद बाफना, ललित जैसिंघ, राधाकिशन सुंदरानी, राजेश वासवानी, रवि ग्वालानी, चेतन तारवानी, विकास गोलछा, जसप्रीत सिंह सलूजा उपस्थित रहे।

घर बैठे कमाई का लालच देकर गृहणी से 15 लाख रुपए की ठगी

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

एंड्राइड मोबाइल चलाने वाले 90 प्रतिशत से ज्चादा यूजर सोशल मीडिया प्लेटफार्म में एक्टिव हैं। हाईटेक जालसाज इसका फायदा उठाकर सेक्सटार्सन से लेकर घर बैठे जॉब, शेयर ट्रेडिंग सहित अन्य कई तरह के झांसा देकर लोगों के अकाउंट खाली कर रहे हैं। जालसाजों ने एक ऐसे ही मामले में तेलीबांधा थाना क्षेत्र में एक गृहणी को घर बैठे पांच हजार रुपए कमाने का लालच देकर 15 लाख 30 हजार रुपए की ठगी कर ली। राजधानी के तीन अलग-अलग थाना क्षेत्रों में 55 लाख रुपए ठगी की यह चौथी शिकायत है। तेलीबांधा सृष्टि गार्डन निवासी केयूरी मजीठिया ने ठगी की शिकायत दर्ज कराई है। केयूरी ने पुलिस को बताया है कि उसने पिछले महीने फेसबुक में एक एड देखा। एड में घर बैठे रोज पांच मिनट एक से पांच हजार रुपए पैसे कमाने की जानकारी देने एक लिंक था। लिंक क्लिक करने पर एक वाट्सएप नंबर खुला। वाट्सएप खोलने पर प्रमुख ऑनलाइन ई-कॉमर्स कंपनियों के रेटिंग देने और प्रचार में सुधार करने के उपाय बताने पर पैसों का लालच दिया गया।

- राजधानी में दो दिन के भीतर 55 लाख रुपए ऑनलाइन ठगी की शिकायत दर्ज

फंसाने के लिए दिए पांच हजार रुपए

महिला ने पुलिस को बताया कि जालसाजों ने उसे मिशन स्टोर के उत्पाद पर जाने, पसंद करके अपनी रुचि बताने और उत्पाद को ब्राउज करने में 3-5 मिनट बिताने पर इनाम के तौर पर व्यापारी द्वारा अपने उत्पाद पर 20% से 40 % कमीशन और नए पंजीकरणकर्ताओं को अतिरिक्त 50 रुपए देने का झांसा दिया। इसके बाद महिला से पर्सनल डिटेल लेकर शुरुआत में महिला के अकाउंट में पांच हजार रुपए ट्रांसफर किए। महिला को झांसे में लेने के बाद उसे ज्यादा मुनाफा मिलने का झांसा देकर रुपए अपने अकाउंट में ट्रांसफर कराकर ठगी का शिकार बनाया।

घर से शराब का अवैध धंधा, महिला सहित तीन गिरफ्तार, एक वाहन से ले जाते पकड़ा गया

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

आबकारी विभाग की टीम ने दो दिन में जिले के अलग-अलग क्षेत्रों में कार्रवाई करते हुए शराब के अवैध धंधे में लिप्त एक महिला सहित चार लोगों को गिरफ्तार किया है। इनमें महिला सहित तीन लोग अपने घर से शराब बेचा करते थे। टीम ने इनके घर में दबिश देकर उन्हें शराब के साथ गिरफ्तार किया। इसके अलावा अन्य एक व्यक्ति को दोपहिया वाहन से शराब ले जाते हुए पकड़ा है। सभी आरोपियों के कब्जे से बोतल बंद 47 लीटर के करीब शराब जब्त की है। आबकारी विभाग के जिला उपायुक्त राजेश शर्मा ने बताया कि उच्चाधिकारियों के निर्देश पर जिले में अवैध शराब की बिक्री करने वालों के खिलाफ लगातार कार्रवाई की जा रही है। इसी कड़ी में 27 एवं 28 अगस्त को भी जिले की अलग-अलग चार जगहों पर कार्रवाई की गई है। इनमें एक प्रकरण में ग्राम लखौली में डामर प्लांट के पास किरण साहू 45 वर्ष निवासी ग्राम जीवतरा थाना कोतवाली महासमुंद को दोपहिया वाहन से शराब ले जाते हुए पकड़ा। उसके कब्जे से अलग-अलग थैले में कुल दो सौ पाव देशी मसाला (शोले) शराब जब्त की। इसी प्रकार शिकारीडेरा पारधीपारा ग्राम भूमिया निवासी गुंजा पारधी के घर से 27 पाव देशी मसाला, मदन देवांगन निवासी ग्राम केशला थाना खरोरा के घर से 23 पाव देशी मसाला तथा कुंती बाई चतुर्वेदी निवासी चंदखुरी थाना मंदिर हसौद के घर से 11 पाव देशी मसाला शराब जब्त की है। इन सभी के विरुद्ध छत्तीसगढ़ आबकारी एक्ट 1915 की धारा 34(2),59(क) एवं 34(1)(ख) के तहत प्रकरण पंजीबद्ध किया है। कार्यवाही की गई टीम में सहायक जिला आबकारी अधिकारी डीडी पटेल, आबकारी उपनिरीक्षक प्रीति कुशवाहा, मेधा मिश्रा तथा सिल्विया सुमन शामिल रही।

धूमधाम से मनाया नुआखाई पर्व

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

ओडिया समाज और उत्कल समाज द्वारा नए फसल की खुशी में गुरुवार को नुआखाई पर्व पूरे धूमधाम से मनाया गया। समाज के लोगों ने आराध्य देव बूढ़ादेव की पूजा-अर्चना कर नई फसल का अन्न चढ़ाया। बड़े बुजुर्गों ने प्रसाद ग्रहण किया। इसी कड़ी में सामाजिक कार्यकर्ता एवं महिला नेत्री सावित्री जगत ने अपने परिवार सहित नुआखाई पर्व मनाया। साथ ही नई फसल का स्वागत करते हुए इससे बने पकवान से परिवार सहित देवी-देवताओं और अपने ईष्ट की पूजा की तथा अच्छी बारिश के साथ फसल बेहतर होने की कामना की। अपने पारिवारिक ईष्ट मित्रों के लिए दुआएं भी मांगीं, उत्कल समाज के उन्नत व अग्रसर होने की प्रार्थना की।

श्रीमती जगत ने बताया कि ओडिशा के पश्चिम प्रांत, जिसे कौशल क्षेत्र भी कहा जाता है और वहां आदिकाल से प्रकृति को पूजने का लोकपर्व नुआखाई मनाया जाता है। हमारे पूर्वज कृषि पर निर्भर थे, इसलिए फसल काटने से पहले उसकी पूजा-अर्चना कर अन्न को खाने का पर्व है नुआखाई पर्व।

नुआखाई सिर्फ पर्व नहीं जीवन जीने की पद्धति है

राजधानी रायपुर सहित प्रदेशभर में गुरुवार को उड़िया समाज द्वारा उत्साह और हर्षोल्लास के साथ पारंपरिक नुआखाई पर्व मनाया गया। इस अवसर पर समाजजनों ने नई फसल के नए अन्न से तैयार प्रसाद सर्वप्रथम अपने ईष्ट देवी-देवताओं को अर्पित कर समाज और प्रदेश की प्रगति, शांति एवं खुशहाली की कामना की। उन्होंने कहा, राजधानी रायपुर में उड़िया समाज श्रमशक्ति की सबसे बड़ी शक्ति है, जो छत्तीसगढ़ के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है।

पेज 11 के शेष

यूजी की 39% और...

उच्च शिक्षा विभाग को खत लिखकर मांग की है कि वे प्रवेश की अंतिम तिथि में वृद्धि करें ताकि खाली रह गईं सीटें भरी जा सकें। प्राप्त जानकारी के अनुसार, रिक्त रह गई सीटों में से अधिकतर परंपरागत पाठ्यक्रमों की सीटें हैं। बीबीए, बीसीए जैसे पाठ्यक्रमों की सीटें शुरुआती चरणों में ही भर चुकी हैं। कई निजी महाविद्यालय ऐसे भी हैं, जहां कई विषयों का खाता ही नहीं खुल सका है। इन महाविद्यालयों ने भी खत लिखकर रविवि से मांग की है कि पूरक परीक्षा में उत्तीर्ण छात्रों को एक अवसर प्रवेश के लिए दिया जाए।

40 करोड़ में...

मुंबई जैसे महानगरों की तर्ज पर शहर के तेलीबांधा चौक के बगल में आठ मंजिला ट्रेड सेंटर बनाया जायेगा। रायपुर नगर निगम ने इसके लिए 2 एकड़ जमीन चयनित कर 40 करोड़ रुपये का प्रोजेक्ट तैयार किया है। राज्य शासन के नगर उत्थान योजना के तहत बहुमंजिला ट्रेड टावर सेंटर बनाया जाएगा। आधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित ट्रेड टावर में अलग से बिजनेस कांफ्रेंस हॉल रहेगा। ठहरने के लिए हॉटल और खाने पीने की सुविधा के लिए रेस्टारेंट भी रहेगा। 8 मंजिला व्यावसायिक परिसर में पार्किंग के लिए अलग से स्पेस रहेगा। इसके साथ ही परिसर हाईटेक सीसीटीवी कैमरे से लैस रहेगा, सेंटर में अलग-अलग प्रयोजन के हिसाब से कक्ष भी तैयार किये जाएंगे। प्लान ऐसा है कि इंफोसिस, गूगल, विप्रो जैसी मल्टीनेशनल कंपनियों के आने में किसी तरह की दिक्कत न हो। यानी एक ही कैंपस में सारी तरह की सुविधाएं मिलेंगी।

पांच जिलों में...

दौरान पुलिस ने हेरोइन चिट्टा, गांजा, शराब से लेकर कई तरह के मादक पदार्थों की जब्ती करने के साथ फरार वारंटी बदमाशों को गिरफ्तार करने में कामयाबी हासिल की। पुलिस ने इन पांचो जिलों में ढाई सौ से ज्यादा स्थानों पर छापे की कार्रवाई की है। पुलिस ने 31 संदिग्धों की परेड कराकर उनसे नशा मुक्ति के साथ नशे के कारोबार से दूर रहने शपथ पत्र भरवाया।

अगले दो दिनों...

फिलहाल निर्मित नहीं हो रहा है। इनके प्रभाव से मध्यम से भारी बारिश दक्षिणी छत्तीसगढ़ में होगी। वहीं उत्तरी छत्तीसगढ़ में इस दौरान हल्की बारिश ही होगी।

सबसे ठंडा और...

आसमान में बादल छाए रहे, लेकिन दिनभर बारिश दर्ज नहीं हुई। इसके उलट बुधवार रात्रि से गुरुवार सुबह 8 बजकर 30 मिनट तक रायपुर में 5 सेमी बारिश हुई।

नया रायपुर में...

सीसीटीवी कैमरे और स्वचालित नंबर प्लेट पहचान करने वाले आधुनिक कैमरे लगाए गए हैं। इन कैमरों की मदद से दिन और रात, दोनों समय वाहनों की गति और नियम उल्लंघन की निगरानी की जा रही है। इससे यातायात नियम तोड़ने वाले वाहन चालकों पर अब तत्काल कार्रवाई संभव हो गई है। हरिभूमि की पड़ताल में सामने आया कि नया रायपुर के एयरपोर्ट, मंत्रालय रोड, स्टेडियम और प्रमुख होटलों के रास्तों पर लगे सिग्नल और हाईटेक कैमरों की वजह से अब लोग ट्रैफिक नियमों का पालन कर रहे हैं। नई व्यवस्था के लागू होने का असर भी दिख रहा है। चालान के डर से अब लोग ट्रैफिक सिग्नल पार करने से बच रहे हैं।

100 से अधिक रफ्तार में कट रहा चालान

नया रायपुर क्षेत्र में दिन और रात के समय तेज रफ्तार से वाहन चलाने वालों पर लगातार कार्रवाई हो रही है। यातायात डीएसपी सतीष ठाकुर ने बताया कि 100 किलोमीटर प्रति घंटे से अधिक की रफ्तार से वाहन चलाने पर रोजाना 100 से 150 चालान भेजे जा रहे हैं। इसमें बाइक, कार और अन्य वाहन शामिल हैं। उन्होंने कहा कि सिस्टम के हाईटेक होने के बाद बड़ी संख्या में लोगों ने तेज रफ्तार में वाहन चलाना कम किया है। चालान की सख्ती का सीधा असर सड़क पर दिख रहा है और हादसों पर भी नियंत्रण की उम्मीद है।

10 स्पीड वायलेट...

(रेड लाइट वॉयलेशन डिटेक्शन) सिस्टम लगाए गए हैं। इस हाईटेक तकनीक के जरिए ट्रैफिक पुलिस अब रियल टाइम में नियम तोड़ने वालों पर नजर रख पा रही है।

खबर संक्षेप

जांजगीर-चांपा जिले की मितानिनों ने दिया धरना, 3 सूत्रीय मांग

रायपुर। छत्तीसगढ़ प्रदेश स्वास्थ्य मितानिन संघ के आव्हान पर प्रदेश की 72 हजार मितानिन, मितानिन प्रशिक्षक, हेल्प डेस्क फेसिलेटर और ब्लाक को आर्डिनेटर इन दिनों कामबंद, कलमबंद हड़ताल पर हैं। नवा रायपुर के तूता स्थित धरना स्थल पर बुधवार को जांजगीर-चांपा जिले से आई मितानिनों ने धरना दिया। 3 सूत्रीय मांगों को लेकर शासन का ध्यान आकर्षित कराने डबरा, बम्हनीडीह, बलौदा, मालखरौदा, सक्ती, चंद्रपुर, अकलतरा और नवागढ़ विकासखंड से बड़ी संख्या में मितानिन आंदोलन में शामिल होने धरना स्थल पर पहुंची। उन्होंने घंटों प्रदर्शन कर अपने हक की आवाज बुलंद की।

स्वदेशी उत्पाद को बढ़ावा देने कैट छत्तीसगढ़ इकाई ने चलाया विशेष अभियान

रायपुर। कैट की छत्तीसगढ़ इकाई ने त्योहारी सीजन में स्वदेशी उत्पादों को प्रोत्साहित करने विशेष अभियान चलाया है। इस अभियान का मुख्य मकसद उपभोक्ताओं को स्थानीय बाजार और स्वदेशी उत्पादों की ओर आकर्षित करना है, जिससे वोकल फॉर लोकल की सोच को मजबूत बनाया जा सके। कैट के राष्ट्रीय वाइस चेयरमैन एवं राष्ट्रीय व्यापारी कल्याण बोर्ड भारत सरकार के सदस्य अमर पारवानी, प्रदेश चेयरमैन विक्रम सिंहदेव, प्रदेश प्रदेश अध्यक्ष परमानंद जैन ने बताया कि कैट छत्तीसगढ़ ने इस त्योहार सीज़न पर विशेष अभियान आया त्योहार, चलो बाज़ार" शुरू किया है। वोकल फॉर लोकल अभियान में कैट एवं युवा कैट के पदाधिकारी अमर पारवानी, परमानंद जैन, सुरिन्द्रर सिंह, विनोद कुमार साहू, दिनेश साहू, जुगनु नागवानी, सतीश जैन, अवनीत सिंह, कान्ति पटेल आदि उपस्थित रहे।

नो वर्क-नो पे की तर्ज पर हो संसद और विधानसभा सत्र की नियमावली

रायपुर। विगत दिनों संसद सत्र में जो अशोभनीय घटनाक्रम हुआ, उससे भारतीय मानस स्तब्ध रह गया। इस सत्र में 120 घंटे प्रस्ताव, बहस एवं पारित होने के मुद्दे थे, जो इस देश की दशा-दिशा का निर्धारण करते हैं। छग राज्य पेंशनर्स महासंघ के महामंत्री आलोक पांडेय ने विज्ञप्ति के माध्यम से बताया, केंद्र एवं राज्य सरकारों का ध्यान शासकीय नियमों के तहत जो हम लोगों पर लागू होना है, नो वर्क-नो पे लागू किया जाए। जहां संसद के एक घंटे का खर्च 2 करोड़ एवं दिन का खर्च 9 करोड़ रुपए आता है, वह नारेबाजी व बहिर्गमन में व्यर्थ हो जाता है। प्रमुख मुद्दे पर कोई बहस नहीं होती, जबकि सांसद या विधायकों को सत्र में उपस्थिति का विशेष भत्ता मिलता है, जिसमें यात्रा, रहन-सहन, पेट्रोल आदि शामिल हैं।

पाकिस्तान से ड्रग मंगाने वाले सरगना को पुलिस ने पंजाब से किया गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

पाकिस्तान से ड्रग तस्करी कर रायपुर में खपाने आए लवजीत सिंह उर्फ बंटी की गिरफ्तारी के बाद राजधानी पुलिस ने बड़ी कामयाबी हासिल की है। पाकिस्तानी रैकेट से संपर्क रहने वाला तथा पूरे देश में ड्रग सप्लाई करने वाले मास्टर माइंड कंवलजीत सिंह उर्फ पिंदर को पुलिस ने पंजाब से गिरफ्तार किया है। साथ ही उसके लोकल नेटवर्क से जुड़े एक थर्ड जेंडर समेत आधा दर्जन ड्रग पैडलर को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार ड्रग पैडलर को लेकर पुलिस आज अहम खुलासा कर सकती है। पिंदर को पुलिस गुरुवार देर शाम पंजाब से रायपुर लेकर पहुंची। सूत्रों के मुताबिक, पुलिस गिरफ्त में आए कंवलजीत सिंह के अंडर में लवजीत ड्रग सप्लाई का काम करता था। लवजीत सहित पुलिस ने राजनांदगांव निवासी सुवित श्रीवास्तव, महाराष्ट्र गोंदिया निवासी अनिकेत मालधरे, टाटीबंध निवासी मुकेश सिंह तथा जुनैद उर्फ शेख चिला को पुलिस ने रिमांड पर लेकर पूछताछ की। उनकी निशानदेही पर पुलिस को कंवलजीत को गिरफ्तार करने में कामयाबी हासिल की है।

- पुलिस आज कर सकती है मामले में अहम खुलासा

तीन दर्जन गिरफ्तारियां

हेरोइन चिट्टा तथा एमडीएमए मामले में पुलिस अब तक तीन दर्जन से ज्यादा आरोपियों को अरेस्ट कर चुकी है। एमडीएमए मामले में दिल्ली में बैकर नेटवर्क चलाने वाली युवती फरार है। साथियों की गिरफ्तारी की जानकारी मिलने के बाद युवती ने अपना मोबाइल बंद कर दिया है। साथ ही उससे जुड़े अन्य पैडलर अपना मोबाइल बंद कर अंडरग्राउंड हो गए हैं।

कई राज्यों में नेटवर्क

पाकिस्तान से हेरोइन मंगाने वाले कंवलजीत द्वारा कई राज्यों में ड्रग्स सप्लाई की जानकारी पुलिस को मिली है। सूत्रों के मुताबिक, कंवलजीत पंजाब के अलावा महाराष्ट्र, दिल्ली, हरियाणा सहित कई राज्यों में ड्रग्स सप्लाई करता था। कंवलजीत से पूछताछ के बाद हेरोइन तस्करी से जुड़े कुछ और लोगों के नाम सामने आ सकते हैं।

- सरगना कंवलजीत समेत लोकल नेटवर्क से जुड़े आधा दर्जन पुलिस के हत्थे चढ़े

कंवलजीत का संबंध लोकल नेटवर्क से

सूत्रों के मुताबिक, कंवलजीत रायपुर में जिन लोगों के संपर्क में था। पुलिस उसके लोकल नेटवर्क से जुड़े लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है। आने वाले दिनों में कई और महत्वपूर्ण खुलासे हो सकते हैं। सूत्रों के मुताबिक, थर्ड जेंडर बार, क्लब तथा होटल में ड्रग सप्लाई करने का काम करता था।

आधा दर्जन हमर क्लीनिक का निर्माण जिम्मेदार शुरू भी नहीं करवा पाए

नौ जगह हमर क्लीनिक बनाने मंजूरी, एक ही शुरू करवा पाए, फंड के अभाव में निर्माण अटका

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

नगर निगम बिरगांव के 40 वार्डों में निवास करने वाली डेढ़ लाख की आबादी के बीच स्वास्थ्य सुविधाओं का बुरा हाल है। लोगों को सुविधा देने में अनदेखी के कारण नौ की जगह सिर्फ एक ही हमर क्लीनिक की सुविधा मिल रही है। चार साल पहले वार्डों में नौ जगह ओपीडी की सुविधा देने के लिए हमर क्लीनिक भवन बनाने के लिए मंजूरी के बाद सिर्फ एक ही क्लीनिक की सुविधा लोगों को मिल पाई। दो भवनों का निर्माण फंड के अभाव में अटका है। करीब आधा दर्जन हमर क्लीनिक का निर्माण जिम्मेदार शुरू भी नहीं करवा पाए हैं।

राजधानी में लोगों को इलाज सहित सभी सुविधाओं को प्राथमिकता से पूरा किया जा रहा है। उपनगरीय व्यवस्था से जुड़े बिरगांव निगम को चार साल पहले नौ वार्डों में हमर क्लीनिक की सुविधा देने के लिए बनाए गए मसौदे को मंजूरी मिली। इसके बाद पहले फेज में तीन जगह भवन निर्माण भी शुरू करवाया गया, लेकिन निर्माण सिर्फ एक क्लीनिक का ही पूरा हुआ। मामले की पड़ताल में पाया गया कि सीजीएमएससी के माध्यम से शासन स्तर पर एजेंसी तय करके क्लीनिक का निर्माण शुरू करवाने के बाद फंड के अभाव में अटका दिया। चार साल बाद भी स्वीकृति के तहत आधा दर्जन क्लीनिक भवन निर्माण अभी तक शुरू भी नहीं हुआ। निगम के जिम्मेदार अधूरे निर्माण को पूरा करवाने और सुविधा देने सेटअप मांगने भटक रहे हैं। दूसरी तरफ जिन दो भवनों का निर्माण अभी अधूरा है, उसे पूरा करवाने और सेटअप तय करने में जिम्मेदार रुचि नहीं ले रह हैं।

हरिभूमि सरोकार

- बिरगांव निगम के 40 वार्डों में रहने वाले लोगों के बीच जिम्मेदारों की अनदेखी से अधूरी स्वास्थ्य सुविधा

प्राइवेट अस्पतालों की मार से बचाने पहल

प्राइवेट अस्पतालों की फीस और महंगी दवाओं पर होने वाले खर्च को कम करने और मजदूर वर्ग को आर्थिक मार से बचाने के लिए इस कांसेप्ट को शुरू किया था, जो जिम्मेदारों की अनदेखी के चलते अटका है। ट्रांसपोर्ट नगर के अस्पताल में भी लोगों को प्रापर ओपीडी और जांच की सुविधा कुछ महीनों से नहीं मिलने से लोग लौटते हैं। ऐसे में हमर क्लीनिक सेवा को बेहतर स्वास्थ्य सेवा के रूप में लेना और गाढ़ी कमाई बचाने की गरज से निगम में जानकारी लेने पहुंचते हैं। एमआईसी मेंबर इकराम अहमद ने बताया कि मामले को लेकर स्वास्थ्य विभाग से संवाद के बाद भी निर्माण शुरू नहीं किया गया है।

क्लीनिक भवनों के निर्माण में फंड का रोड़ा

निगम सूत्रों ने बताया कि हमर क्लीनिक बनाने के लिए प्रति क्लीनिक 25 लाख की दर से फंड की स्वीकृति के बाद चार साल पहले ही काम शुरू किया था। इससे एक क्लीनिक शुरू हो पाया और दो अन्य भवनों का कुछ काम ही बचा है। उसे पूरा करवाने की बजाय काम ही बंद करवा दिया है। जहां लोगों को ओपीडी सेवाएं, निःशुल्क दवाएं (बीपी, शुगर सहित), पैथोलॉजी जांच की सुविधा और एक एमबीबीएस डॉक्टर की ओपीडी सुविधा का प्रावधान है। इस सुविधा की औद्योगिक इलाके से जुड़े वार्डों में ज्यादा जरूरत है। लोगों ने कुछ महीने पहले लगाए गए शिविर में भी इस सुविधा की मांग की है।

मामले को लेकर करेंगे विधायक से चर्चा

लोगों की सुविधा से जुड़ी स्वास्थ्य सेवा से जुड़ा काम प्रभावित होने की स्थिति लंबे समय से है। अधूरे काम को पूरा करवाने और उसे संचालित करने के लिए क्षेत्रीय विधायक से चर्चा करूंगा। बचे हुए भवन निर्माण के लिए फंड की मांग भी करेंगे।

- नंदलाल देवांगन, महापौर, नगर निगम बिरगांव

भाजपा प्रदेश कार्यालय का करेंगे घेराव

अंशकालीन स्कूल सफाईकर्मी 31 अगस्त को निकालेंगे रैली

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

प्रदेशभर के अंशकालीन स्कूल सफाई कर्मचारी दो सूत्रीय मांग को लेकर नवा रायपुर के तूता धरना स्थल पर एकत्रित होकर रैली निकालकर भाजपा के प्रदेश कार्यालय का घेराव करेंगे। स्कूल शिक्षा सचिव से संगठन के प्रतिनिधिमंडल की बैठक के एक माह बीतने के बाद भी मांगों पर विचार नहीं होने से कर्मचारी नाराज हैं। आक्रोशित स्कूल सफाई कर्मचारी 31 अगस्त को रैली निकालकर प्रदर्शन करेंगे।

छत्तीसगढ़ के सरकारी स्कूलों में पिछले 15 वर्षों से अंशकालीन सफाई कर्मचारी के रूप में कार्य कर रहे 43 हजार से अधिक कर्मचारियों ने अपनी दो सूत्रीय मांगों को लेकर शासन के खिलाफ मोर्चा खोल रखा है। कर्मचारी संघ का कहना है कि स्कूलों में दो घंटा काम करना निर्धारित है, पर 90 फीसदी स्कूलों में भृत्य, चपरासी के नियमित पद रिक्त होने के कारण उनके सभी कामों को सफाई कर्मचारियो को करना पड़ता है। इससे उनका पूरा दिन स्कूलों में व्यतीत हो जाता है।

काम के एवज में उन्हें केवल प्रतिमाह 3 हजार रुपए से लेकर 35 सौ रुपए मानदेय भुगतान किया जाता है, जो कि इस महंगाई भरे दौर में बहुत कम है। दूसरी तरफ युक्ति युक्तकरण के तहत प्रदेश के 10,463 का स्कूलों को बंद किया जा रहा है। इससे हजारों की संख्या स्कूल सफाई कर्मचारी बेरोजगार हो गए हैं।

- नवा रायपुर के तूता स्थित धरना से निकालेंगे रैली
- 2 सूत्रीय मांगों को लेकर प्रदर्शन

प्रमुख मांगें

- पूर्णकालीन कलेक्टर दर पर वेतन भुगतान किया जाए।
- युक्ति युक्तकरण के तहत कर्मचारियों को यथावत काम पर रखने का आदेश जारी हो।

15 जून से बेमियादी हड़ताल पर

2 सूत्रीय मांग की अनदेखी से नाराज अंशकालीन स्कूल सफाई कर्मचारी 15 जून से अनिश्चित कालीन हड़ताल पर हैं। 17 जुलाई को स्कूल शिक्षा सचिव और संगठन के प्रतिनिधिमंडल की बैठक मंत्रालय में हुई, जिसमें शिक्षा सचिव ने मुख्यमंत्री से मांगों के संबंध में अवगत कराकर पहल कराने का आश्वासन दिया। एक माह व्यतीत हो जाने के बाद भी किसी प्रकार की पहल नहीं होने के कारण कर्मचारियों में आक्रोश व्याप्त है। इसीलिए 31 अगस्त को प्रदेशभर के अंशकालीन स्कूल सफाई कर्मचारी सदस्य नवा रायपुर तूता धरना स्थल पर एकत्रित होंगे। धरना स्थल से रैली निकाल कर भाजपा प्रदेश कार्यालय का घेराव करने कूच करेंगे।

एनडीपीएस मामलों की विवेचना करने न्यायधीशों ने पुलिस को दिया मार्गदर्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

एनडीपीएस मामलों की पड़ताल करने तथा बारीकी बताने जिला न्यायालय के न्यायधीशों तथा पुलिस के संयुक्त तात्वावधान में गुरुवार को न्यू सर्किट हाउस में एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में पुलिस अफसरों के साथ विवेचक शामिल हुए। कार्यशाला में शामिल पुलिस अफसर, विवेचकों को एनडीपीएस एक्ट की विवेचना करने बारीकियों के बारे में जानकारी दी गई।

कार्यशाला में शामिल पुलिस अफसरों को सीजेएम बीपी वर्मा ने संबोधित करते हुए कहा कि एनडीपीएस एक्ट में लगातार कार्रवाई करते हुये रायपुर जिला को नशे से मुक्त करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम होगा। कार्रवाई के दौरान होने वाली प्रक्रियात्मक त्रुटि एवं छोटे-छोटे तथ्यों को ध्यान में रखने से विवेचना स्तर उत्कृष्ट होगा। रायपुर में फैल रहे नशे को रोकना न केवल पुलिस व न्यायालय का काम है, बल्कि प्रत्येक समाज के प्रत्येक नागरिक की जिम्मेदारी है, जिसे सभी के द्वारा सामूहिक रूप से अपनी जिम्मेदारी मानते हुये निर्वहन करने से ही रायपुर को नशे से मुक्ति दिला पाएंगे और नशे के फैल रहे कारोबार को रोकने में सक्षम हो पाएंगे।

नशे के कोरोबार को समाप्त करने दृढ़ संकल्पित

एसएसपी डॉ. लाल उमेद सिंह ने अपने उद्बोधन में कहा कि जिले में नशे के विरुद्ध लगातार कार्रवाई करना सबसे महत्वपूर्ण उद्देश्य है। रायपुर पुलिस नशे को जड़ से समाप्त करने के लिए दृढ़ संकल्पित है, इसको अभियान के रूप में न लेकर संकल्प के रूप में लेकर समाप्ति की ओर कार्रवाई की जायेगी। कार्यशाला में सीजेएम के अलावा विशेष न्यायाधीश एनडीपीएस पंकज कुमार सिन्हा, अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश किरण थवाईत, गिरीश मंडावी तथा मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट आनंद कुमार सिंह सहित थाना से विवेचक, हेड कांस्टेबल, माल मोहरिर सहित कुल 150 पुलिस अधिकारी,

शराब दुकान से लेकर चक्रधर समारोह तक के विरोध में आप

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

गुरुवार को आम आदमी पार्टी ने शराब दुकान के विरोध में धरना-प्रदर्शन किया। बीटीआई ग्राउंड के सामने खम्हारडीह चौक, शंकर नगर में नई प्रीमियम शराब दुकान का खुलने जा रही है।

आम आदमी पार्टी ने खुलने जा रही दुकान के सामने धरना प्रदर्शन करते हुए सरकार से मांग की है कि जनहित को ध्यान में रखते हुए उस शराब दुकान को वहां ना खोला जाए तथा इसे किसी अन्य दूरस्थ और गैर-आवासीय क्षेत्र में स्थानांतरित कर दिया जाए। आम आदमी पार्टी का कहना है कि जिस स्थान का चयन शराब दुकान के लिए किया गया है, वहां आसपास स्कूल-कॉलजे हैं। इसके अलावा यह क्षेत्र आबादी वाला है। इससे स्थानीय निवासियों को दिक्कतों का सामना करना पड़ेगा। प्रदर्शन में आम आदमी पार्टी के सूरज उपाध्याय, नवनीत नंदे, कलावती मार्को, सिमरजीत कौर, कमरजीत कौर, नंदन सिंह, एमएम हैदरी सहित अन्य शामिल रहे।

- शंकर नगर के रिहायशी इलाके में खोली जा रही है शराब दुकान

ओपी चौधरी व कुमार विश्वास का पुतला जलाएगी आप

चक्रधर समारोह में छत्तीसगढ़ के प्रतिभावान कवियों और लोक कलाकारों को ना बुलाकर बाहरी राजनीतिक व्यक्तियों को बुलाए जाने के विरोध में आम आदमी पार्टी भी उतर आई है। आम आदमी पार्टी के प्रदेशाध्यक्ष गोपाल साहू ने कहा, चक्रधर समारोह मात्र राजनीतिक दिखावे का आयोजन बनकर रह गया है, जिसमें छत्तीसगढ़ के लोक कलाकारों और कवियों की अनदेखी की जा रही है। सूत्रधार मंत्री ओपी चौधरी और कवि कुमार विश्वास हैं। हमेशा कुमार विश्वास अपनी शर्तों पर आते हैं और समारोह में किन-किन को बुलाना है, वह भी यही तय करते हैं। छत्तीसगढ़ी अस्मिता के अपमान को आम आदमी पार्टी बिल्कुल बर्दाश्त नहीं करेगी। शुक्रवार को पूरे प्रदेश के हर जिले मुख्यालय में आम आदमी पार्टी मंत्री ओपी चौधरी और कवि कुमार विश्वास का पुतला दहन करेगी।

बोर्ड परीक्षाओं के फॉर्म भरने जरूरी होगी अपार आईडी, बेहतर अंक के लिए चुन सकेंगे विकल्प

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) ने शैक्षणिक सत्र 2025-26 के लिए छात्रों की सूची (एलओसी) जमा करने के लिए दिशा-निर्देश जारी किए हैं। इसमें कई महत्वपूर्ण बदलाव किए गए हैं। ये बदलाव 10वीं कक्षा के लिए दो बोर्ड परीक्षा, अपार आईडी और एलओसी जमा करने से संबंधित हैं। बोर्ड परीक्षाओं के लिए योग्य छात्रों का पंजीकरण करने के लिए स्कूलों के लिए एलओसी एक अनिवार्य प्रक्रिया है। केवल उन्हीं छात्रों को परीक्षा में बैठने की अनुमति दी जाएगी, जिनके नाम ऑनलाइन एलओसी पोर्टल के माध्यम से जमा किए जाएंगे।

सीबीएसई शैक्षणिक वर्ष 2025-26 से कक्षा 10 के लिए दो-बोर्ड परीक्षा नीति लागू करने वाला है। यह बदलाव राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) 2020 के अनुरूप है और इसका उद्देश्य परीक्षा संबंधी तनाव को कम करना और छात्रों को अधिक लचीलापन प्रदान करना है। पहली बोर्ड परीक्षा फरवरी 2026 के मध्य में होनी है और सुधार के लिए दूसरी, वैकल्पिक परीक्षा मई में आयोजित की जाएगी। छात्र प्रत्येक विषय में बेहतर अंक बनाए रखने का विकल्प चुन सकते हैं। कक्षा 10 के सभी छात्रों को पहली परीक्षा के लिए एलओसी जमा करनी होगी।

- पहली परीक्षा फरवरी में, दूसरी वैकल्पिक परीक्षा होगी मई में
- जिन छात्रों के ऑनलाइन फॉर्म, केवल उन्हें परीक्षा में शामिल होने की अनुमति

जोड़ना होगा अपार आईडी से

बोर्ड ने कहा है कि स्वचालित स्थायी शैक्षणिक खाता रजिस्ट्री (अपार) आईडी को एलओसी से अनिवार्य रूप से जोड़ना होगा। स्कूल केवल उन्हीं छात्रों के लिए एलओसी भर सकते हैं, जिनके पास अपार आईडी है। गौरतलब है कि अपार आईडी देशभर के छात्रों के लिए एक विशिष्ट 12-अंकीय डिजिटल पहचान है, जिसे उनके शैक्षणिक रिकॉर्ड को समेकित करने के लिए डिजाइन किया गया है। बिना विलंब शुल्क के जमा करने की समय सीमा अक्टूबर 2025 है। निजी उम्मीदवारों के लिए पंजीकरण प्रक्रिया अक्टूबर 2025 में शुरू होगी। परीक्षा शुल्क संबंधित जानकारी भी साझा कर दी गई है।

स्पेशल स्टूडेंट्स के लिए विशिष्ट परिपत्र

स्कूलों को यह सुनिश्चित करना होगा कि नाम, विषय और अन्य विवरण सहित सभी जानकारी सही ढंग से दर्ज की गई हो, क्योंकि आमतौर पर जमा करने के बाद सुधार का कोई विकल्प नहीं होता है। सीबीएसई ने विशेष आवश्यकता वाले बच्चों को शामिल करने के लिए विशिष्ट परिपत्र और एक समर्पित पोर्टल भी जारी किया है। स्कूलों को इन छात्रों के लिए दस्तावेज अपलोड करने और परीक्षा संबंधी रियायतों और छूटों का अनुरोध करने के लिए सीडब्ल्यूएसएन पोर्टल का उपयोग करना होगा।

आइब्रो, मूंछ दाड़ी के बालों का प्रत्यारोपण
कालड़ा प्लास्टिक कॉस्मेटिक सर्जरी एवं बर्न सेंटर
आर.के.सी. के सामने, जी.ई. रोड, चौबे कालोनी एवं गंगा डायग्नोस्टिक्स के उपर, कलर्स माल के पास, पचपेढ़ी नाका, रायपुर (छ.ग.)
9827143060
Ajay Advt.

पाठक सूचना
हरिभूमि के सुधि पाठकों को
अखबार की प्रतियां नहीं मिल रही हो या अन्य अखबार दिया जा रहा हो तो हमें निम्न नंबर पर संपर्क करें या वाट्सअप करें
9827555678, 8224868411

बिजनेस साइट

गणेश चतुर्थी पर ग्रैंड होंडा ने ग्राहकों को दी उपहारों की सौगात

रायपुर। गणेश चतुर्थी के पावन अवसर पर ग्रैंड होंडा ने अपने ग्राहकों के लिए खास ऑफर्स और उपहारों की घोषणा की है। 'बप्पा आए, उपहारों की बौछार लाए' थीम के तहत कंपनी ने होंडा की लोकप्रिय बाइक्स और स्कूटर्स पर विशेष योजनाएं लागू की हैं। इन ऑफर्स के तहत ग्राहक शाइन 100सीसी, एक्टिवा 125, डिओ 110 सहित अन्य मॉडल्स की खरीदारी पर आकर्षक उपहार प्राप्त कर सकते हैं। जिनमें वीआईपी ट्रॉली बैग, मिक्सर ग्राइंडर, डिनर सेट और डबल बेडशीट शामिल है। ग्रैंड होंडा की ओर से बताया गया कि ये सभी उपहार सीमित समय के लिए उपलब्ध हैं और ग्राहकों को बिना

किसी अतिरिक्त कीमत के दिए जा रहे हैं। ग्रैंड होंडा के शोरूम रायपुर के लोधीपारा, पंडरी, मेनरोड भनपुरी एवं मेनरोड सड्डु में संचालित हैं। यहां सभी मॉडलों पर आसान ईएमआई, आकर्षक ब्याज दर और कैशबैक की सुविधाएं भी ग्राहकों को दी जा रही हैं।

रायपुर में 'सूत्रा' फैशन एग्जीबिशन आज से, देशभर के डिजाइनर्स एक मंच पर

रायपुर। फैशन प्रेमियों के लिए खुशखबरी है, क्योंकि भारत का बहुप्रतीक्षित वेडिंग और फेस्टिव फैशन एग्जीबिशन 'सूत्रा' आज रायपुर के बेबीलॉन इंटरनेशनल होटल में शुरू हो गया है। यह तीन दिवसीय भव्य आयोजन 29 से 31 अगस्त तक सुबह 10 बजे से रात 9 बजे तक चलेगा, जिसमें देशभर से आए 90 से अधिक प्रसिद्ध और उभरते डिजाइनर्स अपने नवीनतम कलेक्शंस के साथ शामिल हो रहे हैं। 'सूत्रा' में इस बार वेडिंग और फेस्टिव सीजन के लिए खास कलेक्शन प्रस्तुत किया जा रहा है, जिसमें डिजाइनर ड्रेसेस, ज्वेलरी, ट्रेंडी एक्सेसरीज और फ्यूजन वियर जैसी वैरायटीज शामिल हैं। प्रदर्शनी में आलंकृत, बॉबी क्रिएशन, नायाब मुंबई, सचिदा क्रिएटिव हाउस जैसे प्रमुख डिजाइनर्स अपनी मौजूदगी दर्ज करा रहे हैं। आयोजकों के अनुसार, इस एग्जीबिशन का उद्देश्य किफायती लग्जरी को ट्रेंड्स और पर्सनल स्टाइल के अनुसार लोगों तक पहुंचाना है। यहां 15,000 रुपए से कम में भी लोग शादी-ब्याह और त्योहारों के लिए आकर्षक फैशन विकल्प खरीद सकते हैं।

हरिभूमि

रायपुर, शुक्रवार 29 अगस्त 2025

लाइव

Email id- zindgi.live.hb@gmail.com

0771- 4242222, Message at - 9630172937

होंठों के लिए फायदेमंद है घरेलू स्क्रब...

शहर में विराजे गणपति...

फ्रेंड्स क्लब जीयूएस, डीडी नगर सेक्टर -2

सनातन परिवार सनातन चौक बसंत विहार कॉलोनी, गोंदवारा

श्री अष्टविनायक जीयूएस, आरडीए कॉलोनी, टिकरापारा

श्री गजराज जीयूएस, गोल चौक



श्री नवज्योति परिवार, कबीर चौक,राम नगर

पूर्व नेशनल हॉकी प्लेयर संदीप तिर्की ने असुविधाओं में पल रहे 12-13 साल के बच्चों को बना दिया मैदान का खिलाड़ी

टूटी स्टिक-फटे जूते पहने बच्चों को सिखाया जुनून बास्केटबॉल कोर्ट से 13 महीने में बनाई हॉकी टीम

कभी सोचा भी नहीं था कि बास्केटबॉल कोर्ट में हॉकी की शुरुआत होगी और टूटी स्टिक से लगाए गए शॉट्स बच्चों को पहचान दिलाएंगे। गंज स्कूल के हॉस्टल में ऐसा ही हुआ, जहां वार्डन और पूर्व नेशनल हॉकी प्लेयर संदीप तिर्की ने 12-13 साल के बच्चों की टीम बनाकर सिर्फ 13 महीनों में ही उन्हें मैदान का हीरो बना दिया। साल 2017 में समग्र शिक्षा अभियान के तहत संदीप तिर्की को गंज स्कूल में हॉस्टल वार्डन के रूप में नियुक्त किया गया।

खेल दिवस आज

रायपुर। हॉकी का जुनून उनके भीतर पहले से था, क्योंकि वे खुद स्कूल समय में नेशनल लेवल के प्लेयर रह चुके थे। पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय की टीम में उन्होंने 2007 से 2009 तक खेला। हॉकी के प्रति यही लगाव उन्हें बच्चों के बीच खींच लाया। पिछले साल उन्हें मौका मिला, जब हॉस्टल के बच्चों में खेल का टैलेंट दिखाई दिया। कक्षा 5वीं से 7वीं तक पढ़ने वाले 38 बच्चे पढ़ाई में भले ही कमजोर थे, लेकिन खेल में उनका दमखम देखने लायक था।

बास्केटबॉल कोर्ट बना हॉकी का मैदान

स्कूल में हॉकी का मैदान न होने के बावजूद संदीप तिर्की ने हार नहीं मानी। बच्चों के साथ उन्होंने बास्केटबॉल कोर्ट पर ही हॉकी का अभ्यास शुरू कराया। हॉकी स्टिक का किसी तरह इंतजाम किया और बच्चों को ड्रिब्लिंग, डॉजिंग और फ्लिक सिखाई। धीरे-धीरे 38 बच्चों में से 20 को चुना गया और उन्होंने अपना खेल निखारना शुरू किया। 13 महीनों की मेहनत के बाद 20 बच्चों की टीम अंडर-14 हॉकी टूर्नामेंट में मैदान पर उतरी।

सुविधाएं नहीं, पर हिम्मत सबसे बड़ी

न मैदान, न एस्ट्रोटर्फ और न ही सही गियर, इन हालातों में जीत की कल्पना करना भी कठिन था। मगर बच्चों ने दिखा दिया कि सच्चा जुनून और सही मार्गदर्शन मिले तो मुश्किलें भी रास्ता नहीं रोक सकतीं। रायपुर की अंडर-14 टीम में उतरते ही उनके छोटे-छोटे पास और तेज डॉजिंग ने सबको चौंका दिया। विरोधी टीमों के कोच भी उनके खेल से हैरान रह गए।

आज अंतर्राष्ट्रीय खिलाड़ी सेमिनार में करेंगे राज्य के खिलाड़ियों से संवाद

खेल एवं युवा कल्याण विभाग द्वारा राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर शुक्रवार को पं. दीनदयाल उपाध्याय ऑडिटोरियम रायपुर में खिलाड़ियों के लिए विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। हॉकी के जादूगर मेजर ध्यानचंद के जन्मदिवस के उपलक्ष्य में तीन दिवसीय आयोजन किया जाएगा। भारत सरकार युवा कार्यक्रम एवं खेल विभाग मंत्रालय के निर्देश के अनुक्रम में राष्ट्रीय खेल दिवस का आयोजन 29, 30 एवं 31 अगस्त को "एक घंटे, खेल के मैदान में" थीम पर कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इस अवसर पर 29 अगस्त को कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डिप्टी सीएम अरूण साव की गरिमामयी उपस्थिति रहेगी। आवासीय एवं गैर आवासीय खेल अकादमियों के खिलाड़ी, स्थानीय विद्यालयों, महाविद्यालयों के विद्यार्थियों एवं खेल संघों के खिलाड़ी लगभग 2000 की संख्या में भाग लेंगे।

आज ये खिलाड़ी करेंगे सीधा संवाद

आईपीएल के प्रसिद्ध क्रिकेटर शशांक सिंह, अंतर्राष्ट्रीय बैडमिंटन खिलाड़ी श्रेयांश जायसवाल, अंतर्राष्ट्रीय फुटबॉल खिलाड़ी सुश्री किरण पिस्दा एवं अंतर्राष्ट्रीय हॉकी खिलाड़ी मृणाल चौबे द्वारा खिलाड़ियों से सीधा संवाद एवं अनुभव साझा किए जाएंगे। इसके अतिरिक्त कार्यक्रम में स्पोर्ट्स इन्जुरी एवं मेंटल हेल्थ अवेयरनेस सेमिनार, खिलाड़ियों के लिए कॅरियर गाइडेंस सेमिनार तथा न्यूट्रीशियन अवेयरनेस सेमिनार का भी आयोजन रखा गया है, जिसमें स्पोर्ट्स फील्ड के एक्सपर्ट्स द्वारा खिलाड़ियों को विशेष जानकारी एवं मार्गदर्शन दिया जाएगा।

मरीन ड्राइव में खुला पहला फोटो बूथ जहां खुद ही खींच सकते हैं तस्वीर

रायपुर। वर्तमान दौर में यूथ की लाइफस्टाइल धीरे-धीरे बदल रही है। अब डेली लाइफ में विदेशी फूड, कपड़े, ज्वेलरी, स्कीनकेयर प्रोडक्ट, स्टेशनरी के साथ हर विदेशी प्रोडक्ट शामिल है। पॉप कल्चर तेजी से जेन-जी को आकर्षित कर रहा है। ऐसे में राज्य का पहला कोरियन फोटो बूथ मरीन ड्राइव में ओपन हुआ है। इसका एक्सपीरियंस लेने यूथ काफी एक्साइटेड हैं। फोटो बूथ की ऑनर कशिश अग्रवाल ने बताया कि बूथ में खुद ही फोटो क्लिक करनी होती है और फोटो चार स्ट्रीप में बाहर आती है। उन्होंने बताया कि यूथ को अब कोरियन कल्चर पसंद आ रहा है, जिससे मुझे ये आइडिया मिला और नया-नया होने के कारण हम पहले यूथ को फोटो बूथ के बारे में समझाते हैं। चार स्ट्रीप फोटो का प्राइज 250 रुपए रखा गया है। इस बूथ में सबसे खास बात कि अंदर कोई फोटोग्राफर मौजूद नहीं रहता।

कोरियन पोज में दिखे यूथ

जेन-जी इस बूथ में अलग-अलग पोज में तस्वीरें खिंचा रहे हैं। हार्ट पोज में, जिसमें दोनों हाथों का उपयोग करके गाल पर हार्ट शेप बनाते हैं, वहीं सिर के ऊपर हाथों से दिल बनाना और सिंगल हाथ से गालों पर हार्ट बनाना काफी ट्रेंड में हैं। सभी पोज में यूथ अलग-अलग तरीके से चेहरे के एक्सप्रेशन देते हैं, जिससे फोटो और भी आकर्षक व एस्थेटिक बन जाता है। फोटो सुंदर व यादगार बनाने के लिए बूथ में हेडमेड ऊन फ्लॉवर, मुकुट, चश्मा, सांता क्लॉज टोपी व अन्य आकर्षक छोटे-छोटे सामान उपलब्ध हैं। अब तक इस बूथ में 100 से ज्यादा युवाओं ने अपनी तस्वीरें खिंची हैं।

तस्वीर को कॉपी व फ्रिज मैग्नेट में सजाएं

कशिश ने बताया कि यूथ अपनी नोट कॉपी, ड्राइंग, डायरी को सजाने के लिए इन फोटो का उपयोग कर सकते हैं। कमरे के मिरर व फ्रिज मैग्नेट के उपयोग से फ्रिज को आकर्षक व मेमोरेबल बना सकते हैं। गिफ्ट के रूप में भी फोटो स्ट्रीप का इस्तेमाल किया जा सकता है। बूथ फोटो खींचने के साथ मेमोरी को बनाता है। काफी सारे लोग अपने दोस्तों के साथ आकर अपने अंदाज में फोटो क्लिक करा रहे हैं।

चेन्नई में यंग साइंटिस्ट इंडिया कार्यक्रम में प्रदेश के 11 विद्यार्थी हुए शामिल

रायपुर। स्पेस किड्ज इंडिया द्वारा यंग साइंटिस्ट इंडिया कार्यक्रम-2025 के 11वें संस्करण का आयोजन गुरुवार को चेन्नई के मदर टेरेसा हॉल में किया जा रहा है। यह कार्यक्रम भारत सरकार के प्रिंसिपल साइंटिफिक एडवाइजर के कार्यालय, मंथन व अटल इनोवेशन मिशन, नीति आयोग के सहयोग से संचालित है। यंग साइंटिस्ट इंडिया एक राष्ट्रीय स्तर की प्रतिष्ठित प्रतियोगिता है, जिसका उद्देश्य विद्यार्थियों में वैज्ञानिक जिज्ञासा को जागृत करना और शोधोन्मुखी दृष्टिकोण का विकास करना है। इस वर्ष छत्तीसगढ़ से महासमुंद, बलौदाबाजार, रायगढ़, दुर्ग, रायपुर, बालोद एवं कवर्धा जिलों के कुल 11 छात्र-छात्राएं कार्यक्रम में भाग लेने पहुंचे हैं। इनमें 9 बालिकाएं और 2 बालक शामिल हैं। इनके साथ 8 मार्गदर्शक शिक्षक भी उपस्थित हैं। राज्य समन्वयक चंद्रशेखर मिथिलेश के मार्गदर्शन में प्रतिभागी अपने अभिनव प्रोजेक्ट्स को राष्ट्रीय मंच पर प्रस्तुत कर रहे हैं।

देशभर से विद्यार्थियों ने लिया हिस्सा

इसमें आशी बाई गोलछा विद्यालय से डिगेश सेन, दुर्गेश साहू, हिमांशी टंडन, गांजर महासमुंद से यामिनी साहू, बेलसोंडा से मेघना चंद्राकर, मरदा से झरना साहू, सेजस बालोद से डॉली साहू, जामगांव आर. से अमीषा निषाद, रायगढ़ से नामिका निषाद, सेजस गुढ़ियारी से दर्जील कुर्रे, और कवर्धा से खेलेश्वरी साहू शामिल हैं। ये सभी छात्र-छात्राएं विभिन्न थीम्स के अंतर्गत अपने शोध आधारित प्रोजेक्ट्स का प्रदर्शन कर रहे हैं।

कार्नर न्यूज

डिजिटल तकनीक और एआई की मदद से तैयार किए अनोखे मॉडल

शिक्षा के क्षेत्र में तकनीकी उपकरणों की भागीदारी दिन-ब-दिन बढ़ती जा रही है। अब बच्चे पारंपरिक किताबों और शिक्षकों के साथ-साथ एआई टूल्स, चैटजीपीटी और यूट्यूब जैसे डिजिटल माध्यमों का भी सहारा ले रहे हैं, जिससे उनकी विज्ञान को समझने की क्षमता और क्रिएटिविटी बढ़ती जा रही है। शहर में आयोजित साइंस सेंटर प्रदर्शनी में इसका स्पष्ट उदाहरण देखने को मिला। इस आयोजन में 50 से अधिक स्कूली छात्रों ने भाग लिया और विज्ञान पर आधारित नवीन मॉडलों का प्रदर्शन किया। इनसे चंद्रयान-3 पर आधारित अनेक मॉडल तैयार किए गए थे।

बच्चों का स्मार्ट इनोवेशन : एआई से पूछा समस्या का समाधान, कम खर्च में तैयार किया मॉडल

रायपुर। टीम ने छात्रों से बातचीत की, जहां उन्होंने मॉडल तैयार करने के लिए एकत्रित जानकारी साझा की। उन्होंने बताया कि मॉडल आइडिया तय होने के बाद, एआई टूल्स ने डाउट क्लीयर करते हुए मॉडल तैयार करने में मदद की। कम समय में मॉडल के लिए इलेक्ट्रॉनिक सामग्री की पहचान और कम खर्च के लिए भी यह मददगार साबित हुआ। तीनों छात्रों की बेहतर तैयारी ने निर्णायकों का ध्यान आकर्षित किया और रनरअप में उनका नाम शामिल किया गया।

स्पेस टेक्नोलॉजी आधारित कृषि मॉडल

विज्ञान प्रदर्शनी में भैरव सिंह नेताम और रणवीर निषाद ने स्पेस टेक्नोलॉजी व एग्रीकल्चर पर आधारित वर्किंग मॉडल प्रस्तुत किया, जिसका उद्देश्य सेटेलाइट के माध्यम से किसानों को मौसम और जल की स्थिति की सटीक जानकारी उपलब्ध कराना था। इस मॉडल में उपग्रह से प्राप्त डेटा को कम्युनिकेशन सेंटर तक पहुंचाकर, पानी की उपलब्धता और मौसम पूर्वानुमान की सूचना सीधे किसानों तक पहुंचाने की प्रणाली विकसित की गई थी।

चंद्रयान-3 का वर्किंग मॉडल : लालपुर स्थित स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट विद्यालय के छात्र पुष्कर साहू ने विज्ञान प्रदर्शनी में चंद्रयान-3 का रेंडर एंड रोवर वर्किंग मॉडल तैयार किया। यह मॉडल सिर्फ 5 दिनों में तैयार किया। छात्र पुष्कर साहू ने बताया कि चंद्रयान-3 ने चांद के साउथ पोल पर लैंडिंग क्यों किया? और नोर्थ पोल पर क्यों नहीं? इसका भी उन्होंने तकनीकी विवरण के साथ स्पष्ट जवाब दिया। साथ ही चंद्रयान वापस क्यों नहीं लौटा और विक्रम लैंडर और प्रज्ञान रोवर ने वहां पहुंचकर किस प्रकार से वैज्ञानिक कार्य शुरू किए। मॉडल निर्माण में स्कूल की लैब, शिक्षकों की सलाह और इंटरनेट का प्रयोग किया गया।

मॉडल तैयार करने में चैटजीपीटी से मदद

कक्षा 11वीं के छात्र जयप्रकाश देवांगन और श्रेयश सिंह ने विज्ञान प्रदर्शनी में लैंडर एंड रोवर का वर्किंग मॉडल तैयार किया। इस मॉडल में चंद्रयान-3 की सफल सॉफ्ट लैंडिंग और उसके तकनीकी पहलुओं को दर्शाया गया है। लैंडिंग के बाद किस प्रकार स्पेस की जानकारी पृथ्वी तक पहुंची, इसकी जानकारी दी गई। हरिभूमि से चर्चा के दौरान छात्र जयप्रकाश देवांगन ने बताया कि मॉडल तैयार करने से पहले चंद्रयान-3 की सफलता से संबंधित समाचार और तकनीकी जानकारी का अध्ययन किया। इसके अलावा चैट जीपीटी की मदद से इस मिशन में उपयोगी तकनीकों को समझा। रिसर्च के बाद अपने मार्गदर्शन के लिए शिक्षकों से सलाह भी ली। मॉडल का बेस बनाने के लिए एल्युमिनियम शीट, वॉल पुट्टी और कार्डबोर्ड का इस्तेमाल किया गया, जिसकी जानकारी भी इंटरनेट के माध्यम से ही मिली।

शहर में विराजे गणपति...

श्री सतनाम गणेशोत्सव समिति, तेलीबांधा

हसदेव की तर्ज पर सर्वधर्म सनातन धार्मिक उत्सव समिति, अवंति विहार

श्री राम जानकी मंदिर गणेशोत्सव समिति, गुरुकुल कॉम्प्लेक्स

श्री अष्टविनायक परिवार, मठपारा

श्री शांति बल समाज गणेश शांति चौक

फ्रेंड्स क्लब जीयूएस मठपारा

स्टेज पर वुडन फ्लोरिंग, छह फीट के झूमर और एलईडी लाइट्स से किया रेनोवेशन

हेरिटेज लुक छेड़े बिना संवारा 135 साल पुराना टाउन हॉल होंगी सांस्कृतिक गतिविधियां, कलाकारों को मिलेगा मौका

राजधानी की प्राचीन धरोहरों में शामिल टाउन हॉल का रेनोवेशन पूरा हो गया है। आजादी से पूर्व निर्मित यह ऐतिहासिक भवन एक बार फिर अपने पुराने स्वरूप और आकर्षण में लौट आया है। हेरिटेज लुक बनाए रखने के लिए बिल्डिंग के बाहरी हिस्से में कोई बदलाव नहीं किया गया, केवल वाटरप्रूफ पेंट उसी मूल रंग से कराया गया है। वहीं अंदरूनी हिस्से में आधुनिक सुविधाओं के साथ कई सुधार किए गए हैं।

आधुनिक सुविधाओं से लैस हुआ टाउन हॉल

135 से भी साल पुरानी इस इमारत में रेनोवेशन के दौरान कई आधुनिक सुविधाएं जोड़ी गई हैं। पुराने और खराब हो चुके खिड़की-दरवाजों को बदला गया है। स्टेज पर वुडन फ्लोरिंग की गई है, वहीं कलाकारों के लिए ड्रेस चेंज और मेकअप हेतु ग्रीन रूम भी बनाया गया है। हॉल में फॉल सीलिंग, एलईडी लाइट्स, छह-छह फीट के झूमर और सेंट्रल कूलिंग सिस्टम लगाया गया है। कार्यक्रमों की सुविधा के लिए 150 चेयर्स भी हॉल में रखी गई हैं। आजादी के अवसर पर बीते दिनों यहां कार्यक्रम का आयोजन किया गया था। कार्यक्रम के जरिए लोग इस धरोहर से जुड़ भी रहे हैं।

मात्र 24 हजार रुपए की लागत से हुआ था निर्माण



टाउन हॉल न केवल राजधानी की धरोहर है, बल्कि स्वतंत्रता संग्राम का भी गवाह रहा है। आजादी के दौर में यहां स्वतंत्रता सेनानी बैठकर रणनीति बनाया करते थे। आजादी से जुड़ी यादों से इसे याद किया जाता है। वर्ष 1887 से 1889 के बीच मात्र 24 हजार रुपए की लागत से इस भवन का निर्माण हुआ था। सुरक्षा की दृष्टि से अब इसके चारों ओर ग्रिल लगाकर घेराव कर दिया गया है।

रायपुर। नगर निगम अधिकारियों के अनुसार, टाउन हॉल का उपयोग अब मुख्य रूप से सरकारी आयोजनों के लिए किया जाएगा। हर महीने व खास अवसरों पर यहां सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित होंगे। हालांकि सामाजिक संस्थाओं के लिए भी किराया कम करके उपलब्ध कराने की योजना पर विचार किया जा रहा है। करीब 78 लाख रुपए की लागत से कराए गए इस रेनोवेशन के बाद टाउन हॉल एक बार फिर शहर की सांस्कृतिक धरोहर के रूप में नई चमक बिखेर रहा है।

स्ट्रक्चर से कोई छेड़छाड़ नहीं

निगम ने टाउन हॉल के रेनोवेशन के दौरान बाहरी स्ट्रक्चर को पूरी तरह सुरक्षित रखा है। केवल आकर्षक लाइटिंग लगाई गई है, जिससे इसकी सुंदरता और निखर गई है। समय के साथ पुरानी हो चुकी सुविधाओं को बदल दिया गया है। बाहरी हिस्से में सिर्फ वाटरप्रूफ पेंट उसी मूल रंग से कराया गया है, ताकि ऐतिहासिक लुक बरकरार रहे। करीब 10 हजार स्क्वेयर फीट में फैली इस इमारत में 5 हजार स्क्वेयर फीट का विशाल हॉल बना हुआ है। रेनोवेशन के साथ अब हॉल में कार्यक्रम के लिए पूरी तरह से तैयार हो चुका है।

रेनोवेशन पूरा हुआ

रेनोवेशन कार्य पूरा हो चुका है। हेरिटेज लुक को बिना छेड़े संवारा गया है। अब हॉल में कार्यक्रम आयोजित होंगे। वर्तमान में केवल सरकारी कार्यक्रम होंगे, सामाजिक संस्थाओं को फिलहाल नहीं दिया जाएगा।

- अरूण ध्रुव, जोन कमिश्नर, क्रमांक-4

ब्राइडल मेहंदी स्पर्धा में कल्याणी को पहला स्थान, रचनात्मक मेहंदी से खींचा ध्यान

रायपुर। शहर के डॉ. राधाबाई शासकीय नवीन कन्या कॉलेज में गुरुवार को खुशनुमा माहौल रहा। कॉलेज की प्राचार्य डॉ. प्रीति मिश्रा के अगवानी में सांस्कृतिक एवं साहित्यिक समिति ने आसन बनाओ एवं ब्राइडल मेहंदी कॉम्पिटिशन का आयोजन किया गया। इसमें छात्राओं ने भी उत्साह के साथ खुद को बेहतर साबित करने और जीतने के लिए हरसंभव प्रयास किया। प्रतिभागी कितने सफल और असफल रहे, इसे जांचने के लिए निर्णायक के रूप में गणित की विभागाध्यक्ष डॉ. रूपा सलहोत्रा के साथ भूगोल की विभागाध्यक्ष डॉ. नम्रता शर्मा की पैनी नजर रही। आसन बनाओ प्रतियोगिता में बीए तृतीय वर्ष की छात्रा निकिता ने मोर पंख का उपयोग करते हुए आसान एवं बैकड्रॉप बनाकर विशिष्ट स्थान प्राप्त किया। सभी ने छात्रा के प्रयास को सराहा।

सांस्कृतिक एवं साहित्यिक समिति की पहल

दूसरी तरफ ब्राइडल मेहंदी प्रतियोगिता में पहले स्थान पर कल्याणी निर्मलकर, द्वितीय स्थान पर दामिनी धीवर और तृतीय स्थान उपासना साहू को मिला। सांत्वना स्थान प्रियंका गुप्ता और भावना पाण्डेय ने हासिल किया। कार्यक्रम सांस्कृतिक एवं साहित्यिक समिति की संयोजक डॉ. निधि गुप्ता एवं डॉ. श्वेता अग्निवंशी, डॉ. श्रद्धा मिश्रा, प्रो. नयनी और प्रो. मौसमी लहरी के नेतृत्व में इस आयोजन का सफल संचालन किया गया। आयोजन में डिंपल श्रीवास, डॉ. दीपा गोस्वामी, कृतिका चंद्राकर, रितेश लहरे और नरेंद्र ने संचालन में सहयोग दिया।

दिगम्बर जैन मंदिर में दसलक्षण पर्व उत्तम क्षमा धर्म पूजा का हुआ सम्मपन

रायपुर। अमलतास रेसीडेंसी कचना स्थित दिगंबर जैन मंदिर में दसलक्षण पर्व के पहले दिन उत्तम क्षमा धर्म पूजा सम्मपन हुआ। इस कार्यक्रम में गरिमा पालीवाल द्वारा झंडा रोहन किया गया। मंदिर के नवनिर्वाचित अध्यक्ष हिमांशु जैन ने बताया कि सर्वप्रथम मूल बेदी पर विराजित 1008 श्री मुनिसुव्रत नाथ भगवान की पूजा की गई। साथ ही अन्य प्रतिमाओं को सिंघासन पर विराजित किया गया। पांडुक शिला पर विराजित कर भगवान का अभिषेक किया। प्रथम दिन अजय भरत रावका परिवार एवं द्वितीय शांतिधारा का पुण्यार्जन नरेंद्र पालीवाल परिवार को प्राप्त हुआ।

अपने आप को क्षमा करना सीखें

कार्यक्रम में शास्त्र चर्चा करते हुए सुरेश मोदी ने उत्तम क्षमा धर्म को बताते हुए कहा कि क्षमा वीरों का आभूषण होता है। सही मायने में देखा जाए तो स्वयं से क्षमा मांगना और नश्वर शरीर का भेद कर क्षमा भाव उत्पन्न करना यही सच्चा क्षमा धर्म है। जिसने क्षमा धर्म को सीख लिया, कर लिया, उसने दस धर्मों स्वीकार कर लिया। क्षमा कर देने से मन को शांति मिलती है।

मनुष्य जीवन में ही ब्रह्म से साक्षात्कार, देह रूपी वृक्ष का फल ही सनातन धर्म

रायपुर। देह रूपी वृक्ष का फल सनातन धर्म है। इस शरीर का फल विषय भोग वासना नहीं है। भोग और वासना की पूर्ति के लिए कई जन्म मिलते हैं। मनुष्य जीवन को छोड़कर किसी भी जन्म में ब्रह्म का बोध नहीं होता। केवल मनुष्य जीवन में ही ब्रह्म से साक्षात्कार किया जा सकता है। ब्रह्मा ने सृष्टि का निर्माण करते समय जल में चलने वाले जीवों का निर्माण किया। पृथ्वी और पानी में चलने वाले जीवों का निर्माण किया। इसके बाद भी मन को संतोष नहीं हुआ। जब उन्होंने मनुष्य का निर्माण किया तो उनको खुशी हुई, क्योंकि मनुष्य में ब्रह्म साक्षात्कार करने की बुद्धि है।

बोरियाकला स्थित श्री शंकराचार्य आश्रम में जारी श्रीमद भागवत कथा में आश्रम प्रभारी, स्वामी डॉ. इंदुभवानंद तीर्थ महाराज ने अपने प्रवचन में उक्त बातें श्रोताओं से कही।

मानव शरीर को व्यर्थ नहीं गंवाना चाहिए

महाराज ने आगे कहा कि दुर्लभ मनुष्य जीवन को व्यर्थ नहीं खोना चाहिए। धर्म संपादन के लिए केवल परमात्मा द्वारा यह मनुष्य जीवन जीवों को उपहार के रूप में प्राप्त हुआ है। कई जन्मों के पुण्य संचय से मानव शरीर प्राप्त नहीं होता है। मनुष्य का तन केवल भगवान की कृपा से प्राप्त होता है। अगर भारत भूमि में मनुष्य शरीर प्राप्त हुआ है तो निश्चित ही नारायण का आप पर विशेष अनुग्रह है। इस मानव शरीर को व्यर्थ नहीं गंवाना चाहिए। धर्म संपादन द्वारा आत्म साक्षात्कार करना चाहिए। कथा से पहले आश्रम के वैदिक विद्वानों ने यजमान भारत भूषण शर्मा से भगवान की पोथी पूजा और आरती कराई।

सिटी स्पोर्ट्स

24वीं राज्य निशानेबाजी प्रतियोगिता शुरू, 6 तक चलेगा रोमांचक दौर

रायपुर। छत्तीसगढ़ राज्य निशानेबाजी संघ के तत्वावधान में 24वीं राज्य स्तरीय निशानेबाजी प्रतियोगिता की शुरुआत माना स्थित चौथी बटालियन की शूटिंग रेंज में गुरुवार को हुई। पिछले 23 वर्षों से यह प्रतियोगिता सफलता पूर्वक जिंदल समूह के सौजन्य से आयोजित की जा रही है। मुख्य अतिथि अरुण देव गौतम पुलिस महानिदेशक ने सभी रेंज को गौर से देखा और शूटिंग ट्रायल से प्रतियोगिता की शुरुआत की। उन्होंने छत्तीसगढ़ प्रदेश रायफल एसोसिएशन के इस आयोजन के लिए उन्हें बधाई दी और कहा कि यूथ को शूटिंग को भी एक नेचुरल स्पोर्ट्स की तरह देखना चाहिए और यूथ को इसमें आगे आना चाहिए ऐसे आयोजन से निश्चित तौर पर छत्तीसगढ़ की खिलाड़ियों को एक नई दिशा मिलेगी। वही विशिष्ट अतिथि ब्रिगेडियर टी. एस.बावा कोसा कमांडर ने जिंदल समूह के इस शूटिंग आयोजन के लिए उनकी सराहना की साथ ही उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ में टैलेंट की कमी नहीं हैं हमें जरूरत हैं उन प्रतिभाओं को निखारने और सामने लाने की। इस आयोजन से छत्तीसग़ढ राज्य के खिलाड़ी राज्य में ही नहीं बल्कि राष्ट्रीय के लिए भी अपनी तैयारी कर सकेंगे। इस आयोजन में विक्रम सिसोदिया सेक्रेटरी जनरल छत्तीसगढ़ ओलंपिक संघ एवं पुष्कर शर्मा भी शामिल हुए। साथ ही जिंदल स्टील के प्रेसिडेंट प्रदीप टंडन, उदय प्रताप सिंह व छत्तीसगढ़ प्रदेश रायफल एसोसिएशन के अधिकारी मौजूद रहे। ये प्रतियोगिता आगामी 6 सितंबर तक चलेगी। जिसमें छत्तीसगढ़ के सभी जिलों से आए शूटर्स इसमें भाग ले रहे हैं। इसमें 50 मीटर,25 मीटर और 10 मीटर की रायफल शूटिंग के अलावा पिस्टल की प्रतियोगिताएं भी आयोजित की जाएंगी। जिसमें महिला, पुरूष दोनों वर्गों में ये प्रतियोगिता हो रही हैं।

बुची बाबू आमंत्रण क्रिकेट में आशुतोष ने बनाए 54 रन

रायपुर। तमिलनाडु क्रिकेट एसोसिएशन की ओर से अखिल भारतीय बुची बाबू आमंत्रण क्रिकेट टुर्नामेंट 2025-26 का आयोजन 18 अगस्त से किया जा रहा है। जिसमें छत्तीसगढ़ की सीनियर टीम का तीसरा मैच (26 - 28 अगस्त) चेन्नई, तमिलनाडु में तमिलनाडु के विरुद्ध खेला गया। तीसरे दिन तमिलनाडु ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया। तमिलनाडु ने पहले बल्लेबाजी करते हुये अपनी पहली पारी में 83.2 ओवरों में 10 विकेट खोकर 266 रन बनाये। तमिलनाडु की ओर से इंद्रजीत ने 78 रन बनाये। साथ ही प्रदोष रंजन ने 68 रन तथा विमल कुमार ने 54 रनों का योगदान दिया। छत्तीसगढ़ की ओर से शशांक तिवारी ने शानदार गेंदबाजी करते हुये 5 विकेट प्राप्त किये। उनके अतिरिक्त शाहबान खान तथा ऋषि शर्मा ने 2-2 विकेट प्राप्त किये। छत्तीसगढ़ ने अपनी पहली पारी में 64 ओवरों में 10 विकेट के नुकसान पर 187 रन ही बनाये। छत्तीसगढ़ की ओर से ऋषि शर्मा ने सर्वाधिक 54 रन तथा शाहबान खान ने 51 रनों का योगदान दिया। वहीं तमिलनाडु की ओर से हेम चुडेसन ने 6 विकेट तथा विद्युत ने 3 विकेट प्राप्त किये। तीसरे दिन तमिलनाडु ने अपनी दूसरी पारी में 44.2 ओवरों में 10 विकेट खोकर 121 रन बनाये। तमिलनाडु की ओर से इंद्रजीत ने 32 रन तथा अम्बरीश ने 20 रनों का योगदान दिया। छत्तीसगढ़ की ओर से शाहबान खान ने 5 विकेट तथा शशांक तिवारी ने 3 विकेट प्राप्त किये। 200 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी छत्तीसगढ़ की टीम 38.4 ओवरों में 141 रन बनाकर आल आउट हो गयी। छत्तीसगढ़ की ओर से आशुतोष सिंह ने 54 रन बनाये, उनके अतिरिक्त अन्य कोई भी बल्लेबाज बड़ी पारी नहीं खेल पाया। वहीं तमिलनाडु की ओर से हेम चुडेसन ने 5 विकेट तथा विद्युत ने 5 विकेट प्राप्त किये। तमिलनाडु ने मैच 59 रनों से जीत कर सेमी फाइनल में प्रवेश किया।

आकर्षि ने कैमरून इंटरनेशनल चैलेंज में जीता कांस्य पदक

रायपुर। बैडमिंटन की सितारा खिलाड़ी आकर्षि कश्यप ने कैमरून इंटरनेशनल चैलेंज 2025 में कांस्य पदक जीतकर देश का नाम रोशन किया है। यह प्रतिष्ठित प्रतियोगिता बैडमिंटन वर्ल्ड फेडरेशन इंटरनेशनल चैलेंज सीरीज़ का हिस्सा है। मध्य-पश्चिम अफ्रीका स्थित देश कैमरून की राजधानी याउंडे में आयोजित इस टूर्नामेंट में दुनिया के शीर्ष वरीयता प्राप्त खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया, जिससे आकर्षी की यह उपलब्धि हासिल की। दुर्ग की आकर्षि को एनटीपीसी कोरबा की कॉरपोरेट सोशल रिस्पॉन्सिबिलिटी पहल के अंतर्गत सहयोग प्राप्त है, जिसका उद्देश्य खेल प्रतिभाओं को बढ़ावा देना और युवाओं को अपने-अपने क्षेत्रों में उत्कृष्टता प्राप्त करने के लिए सशक्त बनाना है। आकर्षि ने कहा, "कैमरून इंटरनेशनल चैलेंज में कांस्य पदक जीतना मेरे लिए गर्व का क्षण है। दुनिया के शीर्ष खिलाड़ियों के खिलाफ मुकाबला करना चुनौतीपूर्ण था।

देश में हर तीसरे व्यक्ति को फैटी लिवर का खतरा

लाइफस्टाइल की गड़बड़ आदतें बढ़ा रही हैं फैटी लिवर रोग का खतरा, हो जाइए सावधान

लिवर से संबंधित कई तरह की बीमारियां वैश्विक स्वास्थ्य के लिए बड़ा जोखिम रही हैं। लिवर में फैट बनने यानी फैटी लिवर की समस्या का खतरा कम उम्र के लोगों में भी देखा जा रहा है। केंद्रीय मंत्री डॉ जीतेंद्र सिंह ने एक कार्यक्रम में बताया कि देश में हर तीसरे व्यक्ति को फैटी लिवर डिजीज हो सकती है। सभी लोगों को लिवर की बढ़ती इस बीमारी को लेकर सावधानी बरतना और बचाव के लिए उपाय करते रहना जरूरी है। लिवर में फैट जमने का खतरा उन लोगों में भी देखा जाता रहा है जो शराब नहीं पीते हैं। अध्ययनकर्ताओं ने बताया कि इसके लिए लाइफस्टाइल और आहार में गड़बड़ी एक कारण हो सकती है। वजन अधिक होना, शुगर कंट्रोल में न रहना भी इस रोग का एक बड़ा मानी जाती हैं।आइए जानते हैं कि दिनचर्या की किन आदतों के कारण आप फैटी लिवर रोग के शिकार हो सकते हैं?

फैट बनने के क्या कारण हैं?

स्वास्थ्य विशेषज्ञ कहते हैं, कई कारण हैं जो लिवर में फैट की मात्रा बढ़ाने वाले हो सकते हैं। हाई कैलोरी वाली चीजें खाने से जोखिम बढ़ सकती है। जब हमारा लिवर, फैट वाली चीजों को सामान्य रूप से संसाधित और विघटित नहीं कर पाता है तो इसके कारण फैट जमने का खतरा हो सकता है। मोटापा, मधुमेह या हाई ट्राइग्लिसराइड्स जैसी कुछ अन्य स्थितियों से पीड़ित लोगों में भी फैटी लिवर विकसित होने की आशंका अधिक होती है। स्वास्थ्य विशेषज्ञ कहते हैं, फैटी लिवर की दिक्कत से बचे रहने के लिए लाइफस्टाइल में कुछ जरूरी बदलाव किए जाने आवश्यक हैं।

कम कर दें चीनी का सेवन

अध्ययनकर्ताओं ने बताया, फैटी लिवर रोग विशेष रूप से नॉन अल्कोहलिक फैटी लिवर डिजीज (एनएएफएलडी) के लिए अधिक मात्रा में चीनी के सेवन को जिम्मेदार माना जाता है। ये आदत ब्लड शुगर के स्तर को काफी बढ़ा देती है जिससे लिवर में वसा की मात्रा बढ़ने लगती है। कैंडी, आइसक्रीम और मीठे पेय भी आपकी सेहत के लिए नुकसानदायक हो सकते हैं। ज्यादा चीनी का सेवन करते हैं तो सावधान हो जाइए।

शारीरिक रूप से सक्रिय न रहना खतरनाक

नियमित व्यायाम सभी के लिए महत्वपूर्ण है। व्यायाम की कमी फैटी लिवर रोग के खतरे को तो बढ़ाती ही है साथ ही इससे शारीरिक और मानसिक कई प्रकार की समस्याओं का खतरा भी हो सकता है। स्वास्थ्य विशेषज्ञों ने बताया शारीरिक रूप से सक्रिय रहने से न सिर्फ फैटी लिवर के प्रबंधन में मदद मिलती है साथ ही जिन लोगों को ये समस्या नहीं है उनमें ये जोखिमों को भी कम करती है। एनएएफएलडी की समस्या वाले लोगों को सप्ताह में कम से कम 150-300 मिनट के मध्यम एरोबिक व्यायाम करने की सलाह दी जाती है।

बेलपत्र रखने की सही दिशा जरूर जानिए

वास्तु शास्त्र में सभी चीजों को सही स्थान और दिशा में रखने के महत्व के बारे में विस्तार से बताया गया है। बेलपत्र को किन-किन स्थानों पर रखना शुभ माना जाता है, यह आपको जानना जरूरी है।

पश्चिम दिशा में रखें बेलपत्र

बेलपत्र में पवित्रता और नकारात्मक ऊर्जा को दूर करने की शक्ति होती है। पश्चिम दिशा में रखने से यह नकारात्मक ऊर्जा को सोख लेता है और घर में सकारात्मक वातावरण बनाता है। बेलपत्र की उपस्थिति मन को शांत करती है और घर में शांति और स्थिरता लाती है। सूर्य पश्चिम दिशा में अस्त होता है। सूर्यास्त को दिन का अंत और नए दिन की शुरुआत माना जाता है। इसीलिए इसे परिवर्तन और नए जीवन की शुरुआत का प्रतीक भी माना जाता है। पश्चिम दिशा को शांति और स्थिरता का प्रतीक भी माना जाता है। इसलिए बेलपत्र को पश्चिम दिशा में रखें।

दक्षिण दिशा में रखें बेलपत्र

वास्तु शास्त्र के अनुसार, दक्षिण दिशा को यमराज यानी मृत्यु के देवता की दिशा माना जाता है। इस दिशा में बेलपत्र रखने से व्यक्ति को ग्रह दोष से छुटकारा मिल जाता है। साथ ही मनोवांछित फलों की प्राप्ति हो सकती है।

बेडरूम में रखें बेलपत्र

बेलपत्र को हिंदू धर्म में बहुत पवित्र माना जाता है और इसे भगवान शिव को चढ़ाया जाता है। बेलपत्र को पवित्र माना जाता है और इसे पूजा स्थल या मंदिर में रखना शुभ माना जाता है। बेडरूम को आराम और निंद्रा का स्थान माना जाता है। इसलिए इस स्थान पर बेलपत्र रखने से व्यक्ति को नींद अच्छी आती है और घर में सकारात्मक ऊर्जा का भी संचार होता है।

पूजा घर में रखें बेलपत्र

बेलपत्र को भगवान शिव का प्रतीक माना जाता है। इसलिए पूजा घर में बेलपत्र अवश्य रखें। ऐसा कहा जाता है कि बेलपत्र पूजा घर में रखने से देवी-देवताओं का आशीर्वाद प्राप्त होता है और उत्तम फलों की प्राप्ति होती है।

फ्रिज में रखते हैं गर्म खाना, जान लें नुकसान

फ्रिज में लोग ठंडा गर्म तमाम तरह की चीजें रखते हैं। ऐसे बहुत से लोग हैं, जो अनजाने में अपने फ्रिज में गर्म चीजों को रख देते हैं। बता दें कि फ्रिज में गर्म खाना रखने के एक या दो नहीं कई सारे नुकसान है।

बढ़ाता है फ्रिज के तापमान को

जब गर्म खाना सीधे फ्रिज में रखा जाता है, तो यह फ्रिज के अंदर का तापमान बढ़ा सकता है। फ्रिज का आइडियल तापमान 4डिग्री (39फैरनहाइट) होता है। गर्म खाना रखने से यह तापमान अस्थिर हो सकता है, जिससे आपका फ्रिज खराब हो सकता।

खाद्य पदार्थों का जल्दी खराब होना

गर्म खाने को फ्रिज में रखने से फ्रिज के अंदर के तापमान अनबैलेंस हो जाता है जिसके कारण फ्रिज में रखे दूसरे भोजन जल्दी खराब हो सकते हैं। अगर तापमान 4डिग्री से ऊपर चला जाता है, तो खाद्य पदार्थों के भीतर बैक्टीरिया और कीटाणुओं का विकास तेजी से हो सकता है, जिससे स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ सकता है।

गर्मी से खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता प्रभावित होना

गर्म भोजन को फ्रिज में रखने से उसकी क्वालिटी और स्वाद पर भी प्रभाव पड़ सकता है। गर्म भोजन ठंडा होते समय कंप्रेस्ड हो सकता है और इसकी बनावट और स्वाद दोनों प्रभावित हो सकता है। यह भोजन की पोषण वैल्यू को भी प्रभावित कर सकता है।

फ्रिज के वेंटिलेशन को प्रभावित करना

गर्म खाना फ्रिज के वेंटिलेशन को प्रभावित कर सकता है। जब फ्रिज में गर्म खाना रखते हैं, तो वेंटिलेशन सिस्टम को अधिक काम करना पड़ता है, जिससे फ्रिज की एनर्जी खपत बढ़ सकती है और फ्रिज की लाइफ कम हो सकती है।



बिस्तर में लेटे-लेटे करें एक्सरसाइज पूरे शरीर की चर्बी हो जाएगी कम

मोटापा एक बड़ी समस्या है। यह कई बीमारियों का कारण बन सकता है। बढ़ते वजन को समय रहते कंट्रोल करना जरूरी होता है वरना इसका आपकी सेहत पर बुरा असर हो सकता है। वेट लॉस के लिए लोग कई तरकीब आजमाते हैं। लेकिन, असल में हेल्दी डाइट और एक्सरसाइज, दोनों का सही बैलेंस वजन कम करने के लिए जरूरी है। काफी लोग आलस या टाइम की कमी के चलते जिम नहीं जा पाते हैं या घर पर भा एक्सरसाइज नहीं कर पाते हैं। ऐसे में हम आपको 2 ऐसी आसान एक्सरसाइज के बारे में बता रहे हैं, जिन्हें आप बेड पर भी कर सकती हैं। ये पूरी शरीर को चर्बी को कम करती हैं। इस बारे में योगा एक्सपर्ट नताशा कपूर जानकारी दे रही हैं। वह सर्टिफाइड योगा टीचर हैं।

प्लैंक एक्सरसाइज

इसे आप आसानी से बेड पर कर सकती हैं।इसे करने के लिए, सबसे पहले पेट के बल लेट जाएं। शरीर को एक सीध में रखें। हथेलियों और पंजों पर दबाव डालते हुए प्लैंक की

पोजिशन में आ जाएं। शरीर को एक सीध में रखें।शरीर को ऊपर उठाकर प्लैंक की पोजिशन को कुछ देर होल्ड करें। आपके शरीर का भार पंजों और हाथों पर होना चाहिए। इसे आपको रोज 5 मिनट के लिए करना है। इसे करने से बेली फैट और आर्म फैट कम होता है। यह एक्सरसाइज पूरे शरीर की चर्बी को कम करने में कारगर है। इससे मसल्स को मजबूती मिलती है।

रिवर्स क्रंचेज

यह एक्सरसाइज भी बेड पर की जा सकती है। इसे करने के लिए बिस्तर पर कमर के बल लेट जाएं। अब बांहों को सीधा रखें और हथेलियों को नीचे की तरफ रखें।अब 90 डिग्री पर आप अपने घुटनों को बेंड करें और अपने पैरों को ऊपर की ओर उठाएं। आपको अपनी जांघों को फ्लोर से 90 डिग्री पर रखें।हथेलियों पर दबाव डालें और हिप्स को ऊपर की ओर उठाएं।घुटनों को सीने की तरफ करें। इसके बाद, हिप्स को वापिस नीचे की तरफ ले जाएं। इसी तरह से इसे दोहराएं। इस एक्सरसाइज को करने से पेट और हिप्स की चर्बी कम होगी। इससे जांघों की मांसपेशियों पर भी दबाव पड़ता है।

बिस्तर में लेटे-लेटे इन एक्सरसाइज को करने से आप आसानी से पूरे शरीर की चर्बी को कम कर सकती हैं। अगर आपको स्वास्थ्य से जुड़ी कोई समस्या है, तो हमें आर्टिकल के ऊपर दिए गए कमेंट बॉक्स में बताएं। हम अपने आर्टिकल्स के जरिए आपकी समस्या को हल करने की कोशिश करेंगे।

कार्नर न्यूज

आपके बारे में बहुत कुछ बयां कर सकती हैं आपकी आंखें

आंखें बता देती है आपकी शख्सियत, बस आपको आना चाहिए इन्हें ठीक से पढ़ना

एक कहावत है कि आपकी आंखें आपके बारे में बहुत कुछ बयां कर सकती हैं। वास्तव में ये काफी हद तक सच है कि आंखें आपके भीतर होने वाली गतिविधियों का आइना होती हैं। हालांकि काफी हद तक आंखों का रंग सिर्फ आपकी शारीरिक रचना है, लेकिन अगर हम ज्योतिष की मानें तो हमारे आंखों के रंगों में हमारे व्यक्तित्व का राज छिपा होता है।

भूरी आंखों वाले लोगों की पर्सनैलिटी

यदि आपकी आंखें हल्की या मध्यम भूरी हैं तो आप एक मजेदार, दूसरों की देखभाल करने वाले और सहज व्यक्ति हो सकते हैं। आप वास्तव में एक विनम्र व्यक्ति हैं और स्वभाव से बहुत स्वतंत्र हैं। आपको नए दोस्त बनाना पसंद है और आप जमीन से जुड़े व्यक्ति हैं।

हरी आंखों वाले लोगों की पर्सनैलिटी

हरी आंखों वाले लोग आमतौर पर रहस्यमयी होते हैं। इस रंग की आंखों वाले लोगों का दृष्टिकोण रचनात्मक होता है और वे इतने जिज्ञासु होते हैं कि



प्रश्न पूछने के लिए हमेशा उत्सुक रहते हैं। इस तरह के रंग वाली आंखों के लोग जीवंत रहते हैं और युवा व्यक्तित्व से जुड़े होते हैं।

काली आंखों वाले लोगों की पर्सनैलिटी

गहरी काली आंखों वाले लोगों के व्यक्तित्व को लेकर अक्सर दिलचस्प धारणाएं होती हैं। काली आंखों वाले लोग आमतौर पर बहुत आशावादी और जिम्मेदार माने जाते हैं। वे अपने कर्तव्यों और जिम्मेदारियों को गंभीरता से लेते हैं और अपने कार्यों में उत्कृष्टता प्राप्त करने का प्रयास करते हैं। वे अपनी व्यक्तिगत बातें और योजनाएं दूसरों से छिपाकर रखते हैं, और केवल अपने सबसे करीबी और भरोसेमंद लोगों के साथ ही अपने दिल की बात साझा करते हैं। उनका यह स्वभाव उन्हें एक रहस्यमयी और आकर्षक व्यक्तित्व प्रदान करता है, जो दूसरों को उनकी ओर खींचता है।

ग्रे आंखों वाले लोगों की पर्सनैलिटी

आप कई बार ऐसे लोगों से मिलते होंगी जिनकी आंखें ग्रे होती हैं। ऐसी आंखों वाले लोग शांत और संगठित स्वभाव के होते हैं



और तनावपूर्ण परिस्थितियों का सामना करने पर अक्सर मजबूत रहकर महान नेता बनते हैं। कई बार ये व्यक्ति अपने तक ही सीमित रह सकते हैं, लेकिन जब उन्हें सही वातावरण और प्रोत्साहन दिया जाता है, तो वे उन्नति करते हैं और आपको अपने तेज दिमाग और ताकत और दृढ़ संकल्प का सच्चा व्यक्तित्व दिखाते हैं।

नीली आंखों वाले लोगों की पर्सनैलिटी

नीली आंखों वाले लोगों के व्यक्तित्व के बारे में कई दिलचस्प बातें कही जाती हैं। नीली आंखों वाले व्यक्ति आमतौर पर युवावस्था और जीवंतता का प्रतीक माने जाते हैं। उनकी आंखें उनकी आत्मा की एक झलक प्रस्तुत करती हैं, जिससे वे हमेशा युवा और ऊर्जा से भरपूर नजर आते हैं।



फिल्म इवेंट

हॉलीवुड

सगाई से पहले इन सेलेब्स को डेट कर चुकी हैं टेलर, एक के लिए तो गाना तक लिखा

दुनियाभर में अपनी आवाज और गानों से करोड़ों दिलों पर राज करने वाली अमेरिकी सिंगर और म्यूजिशियन टेलर स्विफ्ट ने हाल ही में अपने बॉयफ्रेंड ट्रैविस केल्स से सगाई की है। टेलर अपनी निजी जिंदगी को लेकर एक बार फिर सुर्खियों में हैं। हालांकि टेलर का निजी जीवन हमेशा से ही चर्चा का विषय रहा है। उनकी लव लाइफ जितनी रंगीन और दिलचस्प रही, उतनी ही मुश्किल भी। कभी प्यार में धोखा तो कभी काम करते करते इश्क, टेलर अब तक कई लड़कों को डेट कर चुकी हैं। चलिए जानते हैं टेलर स्विफ्ट के अब तक के रिलेशनशिप्स पर।

टेलर जब किशोरावस्था में थीं तो उनका पहला क्रश डू डनलैप माने जाते हैं। दोनों का रिश्ता बहुत लंबा नहीं चला, लेकिन इस अनुभव से टेलर ने अपना शुरुआती हिट गाना लिखा। उनके इसी गाने ने उन्हें म्यूजिक इंडस्ट्री में पहचान दिलाई। डू से उनका रिश्ता इसलिए टूटा क्योंकि डू को स्कूल के लिए कहीं और जाना पड़ा था। टेलर के एक्स बॉयफ्रेंडस की लिस्ट में सैम आर्मस्ट्रोंग का नाम भी शामिल है। सैम ने टेलर को धोखा दिया, जिससे वह गहरे दर्द से गुजरीं। इस रिश्ते का अंत उनके लिए कड़वा अनुभव रहा, लेकिन इसी से प्रेरणा लेकर उन्होंने हिट गाना लिखा, जो आज भी फैंस का फेवरेट है। स्कूल के दिनों में टेलर का नाम जॉर्डन अल्फोर्ड से भी जुड़ा। हालांकि यह रिश्ता भी जल्दी खत्म हो गया। ब्रेकअप के बाद टेलर ने गाना 'पिक्चर टू बर्न' लिखा, जिसमें उन्होंने जॉर्डन से मिली चोट और धोखे को बयां किया। साल 2008 में टेलर का रिश्ता पॉप स्टार जो जोनस से रहा।

टॉलीवुड

राम चरण ने शुरू की 'पेद्दी' के गाने की शूटिंग फैंस को शुभकामनाएं देते हुए लिखा नोट

बुची बाबू सना के निर्देशन में बन रही बहुप्रतीक्षित फिल्म 'पेद्दी' को लेकर राम चरण ने एक खास वीडियो शेयर किया है। जिसने इस फिल्म को लेकर प्रशंसकों की उत्सुक्ता को और अधिक बढ़ा दिया है। राम चरण की नई फिल्म 'पेद्दी' एक ग्रामीण स्पोर्ट्स एक्शन ड्रामा है, जिसका निर्देशन बुची बाबू सना कर रहे हैं। इस फिल्म ने अपने शानदार सींस और रोमांचक कहानी से सबका ध्यान खींचा है। शूटिंग तेजी से चल रही है और गणेश चतुर्थी के मौके पर निर्माताओं ने एक खास वीडियो जारी किया है। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, निर्माताओं ने बताया कि मैसूर में राम चरण पर एक भव्य गाना फिल्माया जा रहा है, जिसे जानी मास्टर ने कोरियोग्राफ किया है। ऑस्कर विजेता संगीतकार एआर रहमान ने राम चरण के किरदार के लिए एक शानदार गीत बनाया है, जिसे 1000 से ज्यादा नर्तकों के साथ बड़े पैमाने पर शूट किया जा रहा है। यह गाना फिल्म का एक प्रमुख आकर्षण होगा। निर्देशक बुची बाबू ने भी इंस्टाग्राम पर पोस्ट कर लिखा, 'यह एक मेगा पावर ब्लास्ट है। रत्नावेलु का विजुअल गाना आज शुरू हो रहा है। सभी को विनायक चविथी की शुभकामनाएं।' 'पेद्दी' की टीम उत्सव के बीच भी पूरी मेहनत से काम कर रही है, जो उनकी लगन को दर्शाता है। राम चरण ने अपने इंस्टाग्राम पर सेट से एक वीडियो शेयर किया और लिखा, 'भगवान गणेश आपके जीवन में शांति, सफलता और सकारात्मकता लाएं।' बुची बाबू ने बताया कि राम चरण को फिल्म में 'मेगा पावर स्टार' के रूप में पेश किया जाएगा। फैंस को लगता है कि यह नाम राम चरण के लिए एक दम सही है। इस फिल्म में राम चरण के अलावा जान्हवी कपूर मुख्य अभिनेत्री हैं, जबकि दिव्येंदु, शिव राजकुमार और जगपति बाबू महत्वपूर्ण किरदारों में हैं। संगीत एआर रहमान का है और फिल्म वेंकट सतीश किलारू द्वारा निर्मित है। 'पेद्दी' 27 मार्च, 2026 को रिलीज होगी।

भोजपुरी

मोनालिसा से खेसारी लाल तक सितारों ने किया बप्पा का स्वागत

गणेश चतुर्थी के त्योहार पर बॉलीवुड में खूब रौनक देखने को मिलती है। इसी तरह कई भोजपुरी सितारों ने भी गणेश चतुर्थी पर बप्पा का स्वागत किया है। कुछ ने सोशल मीडिया पोस्ट के जरिए फैंस को बधाई दी हैं। भोजपुरी अभिनेत्री मोनालिसा ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट से पोस्ट शेयर किया है। उन्होंने अपने घर बप्पा बिठाए हैं। तस्वीरों में मोनालिसा, उनके पति विक्रांत सिंह राजपूत और परिवार के अन्य सदस्य पूजा-पाठ करते दिख रहे हैं। पोस्ट के साथ उन्होंने कैप्शन लिखा है, 'गणपति बप्पा मोरया, सभी को गणेश चतुर्थी की शुभकामनाएं'। भोजपुरी अभिनेता खेसारी लाल यादव ने भी गणेश चतुर्थी पर पोस्ट शेयर किया है। उन्होंने भी बप्पा का स्वागत किया है। अभिनेता ने पोस्ट के साथ लिखा है, 'गणपति बप्पा मोरया...भगवान श्री गणेश जी सब के मंगल करीं, इहे प्रार्थना बा'। भोजपुरी अभिनेत्री काजल राघवानी ने भी गणपति का स्वागत किया है। उन्होंने सोशल मीडिया पर तस्वीरें शेयर करते हुए एक लंबा नोट लिखा है। काजल ने लिखा है। उन्होंने लिखा है, 'भगवान गणेश आपके जीवन को खुशियों और शांति से भर दें। गणपति बप्पा मोरया! आपके घर में सदैव समृद्धि बनी रहे। भगवान गणेश आपके मार्ग से हर बाधा को दूर करें'। रानी चटर्जी ने भी इंस्टाग्राम स्टोरी पर पोस्ट शेयर कर फैंस को गणेश चतुर्थी की शुभकामनाएं दी हैं।



फ़ैरेल विलियम्स ने लुई वुइटन के पुरुषों के फ़ॉल 2025 शो के लिए काउबॉय लुक को नए अंदाज़ में पेश किया। हालाँकि बेयोंसे इस ट्रेंड को 'गन्स-ए-ब्लेज़िन' के साथ ला रही हैं, लेकिन वुइटन के फ़ॉल 2025 मेन्सवियर शो के लिए फ़ैरेल विलियम्स ने ही क्लासिक अमेरिकी संस्कृति और पश्चिमी परिधानों की समृद्ध विरासत पर अपने शानदार अंदाज़ से इसकी शुरुआत की। विलियम्स का रनवे कढ़ाईदार, झालरदार और फूलों वाले चमड़े और डेनिम से भरा हुआ था।

होंठों के लिए फायदेमंद है घरेलू स्क्रब जानें बनाने और इस्तेमाल का तरीका

अगर आप भी अपने होंठों प्राकृतिक रूप से गुलाबी बनाना चाहते हैं तो आपको घरेलू स्क्रब के बारे में जानना चाहिए। स्क्रब आपके होंठों की त्वचा को एक्सफोलिएट करने और उन्हें मुलायम और स्वस्थ रखने के लिए एक प्रभावी उपाय है।

इस स्क्रब को तैयार करना काफी आसान है। इसे बनाने के लिए सबसे पहले एक छोटे बाउल में शहद और चीनी को मिलाएं। इसे थोड़ी देर ऐसे ही रखे रहने दें, ताकि चीनी थोड़ी सी नर्म हो जाए। थोड़ी देर के बाद ये स्क्रब इस्तेमाल करने के लिए तैयार है।

ऐसे करें इस्तेमाल

अब जब ये स्क्रब तैयार है तो इस स्क्रब को अपने होंठों पर हल्के हाथों से मसाज करते हुए लगाएं। लगाने के बाद 1-2 मिनट तक होंठों पर अच्छी तरह से मसाज करें। ध्यान रखें कि होंठों की मसाज आपको हल्के हाथ से ही करनी है। मसाज के बाद स्क्रब को एक गीले कपड़े या गुनगुने पानी से साफ कर लें। इसके बाद आखिर में अपने होंठों पर कोई लिप बाम या नारियल का तेल लगाएं ताकि उन्हें नमी मिले। इस स्क्रब का इस्तेमाल आप हफ्ते में दो से तीन बार कर सकते हैं।

मिलेंगे ये फायदे

इस स्क्रब के इस्तेमाल से आपको तमाम फायदे मिलेंगे। जैसे कि ये स्क्रब होंठों के कालेपन को दूर करने का काम करता है। इसके साथ-साथ इस स्क्रब में शहद मिले होने की वजह से ये होंठों को नमी और चमक प्रदान करता है।

साड़ी से लेकर सूट के साथ में बेस्ट लगेंगे जूड़े, जानिए आसान तरीका

स्टाइलिश दिखने के लिए सही कपड़े और एक्सेसरीज के अलावा लुक में जान डालने के लिए सही तरह का हेयर स्टाइल भी चुना जाना बेहद जरूरी होता है। बदलते फैशन के दौर में कई तरह के नए हेयर स्टाइल्स आपको देखने को मिल जाएंगे, लेकिन इसमें ट्रेडिशनल लुक के साथ में बन हेयर स्टाइल्स को सबसे ज्यादा पसंद किया जाता है।



वहीं छोटी लेंथ होने के कारण बालों का जुदा कई लोग नहीं बना पाते हैं। तो आइये आज हम आपको दिखाने वाले हैं साड़ी और सूट के साथ में बालों का बनाने के आसान तरीके। साथ ही, बताएंगे इन जुड़ा हेयर स्टाइल्स को स्टाइलिश लुक देने के आसान टिप्स-

फ्रेंच बन हेयर स्टाइल

मिनटों में बालों का हेयर स्टाइल बनाना चाहती हैं तो हर तरह की लेंथ पर आसानी से फ्रेंच स्टाइल जुड़ा बन जाएगा। इसके लिए सबसे पहले आप बालों को दो भाग में बांट लें और एक के ऊपर एक 2 पोनीटेल बना लें। अब एक हिस्से के बालों को बैक कोंब करके बेस तैयार कर लें। आप चाहें तो इसके लिए स्टफिंग का ही इस्तेमाल कर सकती हैं। बैक कोंब करके बालों को यू-पिन की मदद से सेट कर लें। बचे हुए बालों के बाकी हिस्से से पहले वाले भाग को कवर कर लें। इसे पिंस की मदद से सेट करने के बाद फ्रेंच बन में आप मनपसंदहेयर एक्सेसरीका इस्तेमाल कर सकती हैं।

फ्रंट ब्रेड बन हेयर स्टाइल

बन बनाने के लिए बालों को फ्रंट से भी स्टाइल किया जाना बेहद जरूरी होता है, ताकि आपका लुक कंप्लीट नजर आए। इसके लिए आप फ्रंट स्टाइलिंग के लिए लूज बटरफ्लाई ब्रेड बना लें। बची बालों की लेंथ को आप डोनट की मदद से यू-पिंस लगाकर सेट कर सकती हैं।

मेसी लुक बन हेयर स्टाइल

बालों के लिए कम समय में सिंपल से ग्लैम और एलिगेंट लुक वाला जुड़ा बनाना चाहती हैं तो इस तरह के मॉडर्न हेयर स्टाइल आपके लिए बेस्ट रहेगा। इस तरह के बन हेयर स्टाइल को आप वेस्टर्न से लेकर ट्रेडिशनल वियर के साथ में बनाया जा सकता है। मेसी लुक हेयर स्टाइल हर तरह के फेस शेप पर सूट करता है।

सूट के साथ खास नेल आर्ट डिजाइंस, मिलेगी तारीफ

आज शादी और पार्टियों जैसे मौके पर सूट या साड़ी को सबसे ज्यादा पहना जाता है। ऐसे में खास नेल आर्ट अपनाना समझदारी भरा काम है। जानिए इसका सही तरीका-

स्टोन नेल आर्ट डिजाइन

स्टोन में आपको कई तरह के डिजाइन और कलर ऑप्शन देखने को मिल जाएंगे। नाखूनों को फैंसी लुक देने के लिए आप किसी भी कलर का नेल पेंट लगाकर इस पर ग्लिटर ग्लू की मदद से स्टोंस को चिपका सकती हैं। स्टोन के साइज के लिए आप छोटे आकार को चुनें। ऐसा इसलिए क्योंकि छोटे नाखूनों पर बड़े साइज के स्टोन अच्छे नहीं लगते हैं।

पेस्टल नेल आर्ट डिजाइन

सोबर लुक में नेल आर्ट ढूंढ रही हैं तो इस तरह से लाइट कलर वाले पेस्टल शेड के नेल आर्ट डिजाइंस को चुन सकती हैं। नेल्स को फैंसी टच देने के लिए आप ग्लॉस का इस्तेमाल कर सकती हैं। वहीं आप चाहें तो बारीक शिमर पार्टिकल्स की मदद से भी हाथों के एक या दो

नाखूनों को सजा सकती हैं।

शिमर नेल आर्ट डिजाइन

शिमर वाले नेल्स देखने में बेहद खूबसूरत नजर आते हैं। इसके लिए आप नेल पोलिश भी मैट की जगह पर ग्लॉस या शाइन देने वाली ही इस्तेमाल करें। देखने में इस तरह के नेल्स बेहद खूबसूरत लुक देने का काम करते हैं। इस तरह से शिमर को लगाने के लिए आपको मार्केट में अलग से शिमर वाली नेल पोलिश मिल जाएगी। आप इसे अलग से भी ग्लू की मदद से लगा सकते हैं।

हाथों की सुंदरता बढ़ाने पहनिए ब्रेसलेट

हाथों की सुंदरता बढ़ाने के लिए हम अक्सर चूड़ी या कंगन खरीदते हैं। लेकिन हर ड्रेस के ऊपर यह चीजें अच्छी नहीं लगती है। इसके लिए आप हाथों में ब्रेसलेट को स्टाइल कर सकती हैं। ब्रेसलेट को आप एथनिक से लेकर वेस्टर्न हर तरह के आउटफिट के साथ स्टाइल कर सकती हैं। इससे आपके हाथों की सुंदरता बनी रहेगी। चलिए आपको बताते हैं किस तरह के डिजाइन को ट्राई कर सकती हैं, जो आपको अच्छे डिजाइन में मिल जाएंगे।

क्रिस्टल डिजाइन वाला ब्रेसलेट

आप अपने हाथों में क्रिस्टल डिजाइन वाला ब्रेसलेट को स्टाइल कर सकती हैं। इसमें आपको पूरे ब्रेसलेट में क्रिस्टल डिजाइन मिलेगा। इसके साथ ही, अगर आपको किसी बर्ड या फ्लावर का डिजाइन चाहिए तो ऐसा ब्रेसलेट भी मिल जाएगा। इस तरह के ब्रेसलेट एथनिक के साथ-साथ वेस्टर्न ड्रेस के साथ पहन सकते हैं। इस तरह के ब्रेसलेट आपको मार्केट में 100 से 200 रुपये में आर्टिफिशियल ज्वेलरी डिजाइन में मिल जाएंगे।

स्टोन डिजाइन वाले ब्रेसलेट

आप अगर स्टोन पहनना पसंद करती हैं, तो इसके लिए



आप स्टोन वर्क वाले ब्रेसलेट को खरीद सकती हैं। इस तरह के ब्रेसलेट डिजाइन आपको कई सारे स्टोन कलर और डिजाइन में मिल जाएंगे। जिसे वियर करके आप अपने हाथों की सुंदरता को दोगुना कर सकती हैं। इस तरह के ब्रेसलेट को आप हर तरह के डिजाइन वाले आउटफिट के साथ वियर कर सकती हैं। मार्केट में इस तरह के ब्रेसलेट आपको 200 से 250 रुपये में मिल जाएंगे।

पर्ल बीड्स ब्रेसलेट डिजाइन

आप अपने हाथों में पर्ल बीड्स डिजाइन वाले ब्रेसलेट को स्टाइल कर सकती हैं। इस तरह के ब्रेसलेट आपको बड़े और छोटे डिजाइन में मिल जाएंगे। इसे आप किसी भी तरह के आउटफिट के साथ वियर कर सकती हैं। मार्केट में इस तरह के ब्रेसलेट आपको 200 से 400 रुपये में मिल जाएगी। इससे आपके हाथ सुंदर लगेंगे।

कार्नर न्यूज

मेंस फैशन में खास फैशन टॉप टिप्स आपके लिए

बारिश की विदाई के दौर में जींस के साथ अपनाइए प्रिंट, लुक में मिलेंगे फुल मार्क्स

जींस आपके फैशन स्टेटमेंट को परफेक्ट बनाती है। लेकिन आपको अभी भी लगता है कि उसमें और भी अच्छे दिख सकते हैं। अब बारिश जाने वाली है लेकिन गर्मी भी बरकरार है तो आपके लिए मौसम को देखते हुए भी डेनिम पहननी है। इस मौसम में आप प्रिंट भी जरूर पहनना चाहते होंगे। अगर आप जींस और प्रिंट को साथ में पहनना चाहते हैं, वो भी पर्फेक्ट्ली तो हम आपके लिए कुछ टिप्स ले आए हैं। ये टिप्स आपको प्रिंट और डेनिम का कॉम्बिनेशन करना सिखा देंगे।

कूल-कूल बेस कलर

डेनिम के साथ प्रिंट शर्ट चुननी है तो सबसे पहले इस शर्ट का बेस कलर बिल्कुल कूल वाला चुन लीजिए। कूल जैसे लाइट ब्लू, लाइट ऑलिव आदि। इस बेस कलर पर डार्क कलर का प्रिंट भी चलेगा। इस शर्ट को जींस में टक इन करके पहनें। लुक बेहद अच्छा आएगा।

हल्के रंग की डेनिम

आपकी जींस अगर काले, नीले या किसी और रंग में भी हल्के शेड की

है तो भी प्रिंटेड शर्ट का लुक अच्छा आता है। लेकिन तब आपको प्रिंट डार्क कलर के चुनने होंगे। इसके साथ सफेद स्नीकर भी कमाल करेंगे।

एक सी कलर टोन

डेनिम जींस आपकी जिस भी कलर की है, शर्ट भी उसी कलर की चुनिए। शर्ट का बेस कलर जींस जैसा या फिर उससे कुछ हल्का होना चाहिए और इस पर हल्के रंग के प्रिंट हों तो लुक परफेक्ट आएगा।

पेस्टल कलर चेक शर्ट

प्रिंट में पोल्का डॉट और चेक बेहद कॉमन हैं। लेकिन आप इन्हें भी चुन सकते हैं। आप इनके पेस्टल कलर में चुनाव कीजिए और इन्हें टक इन करके पहनिए। ये लुक आप पर अच्छा लगेगा ही।

कैजुअल लुक के लिए

आपको कैजुअल लुक चाहिए तो जींस के साथ टाइप सेंट्रिक प्रिंटेड टीशर्ट पहनें। साथ में काले सनग्लासेज भी लगाए जा सकते हैं।